

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 1 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-273 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### कमर्शियल सिलेंडर के दाम घटाए गए

**नई दिल्ली,1 जनवरी।** नए साल के पहले ही दिन एलपीजी के दामों में कटौती की गई है. कमर्शियल सिलेंडर के दाम घटाए गए हैं. आज 1 जनवरी को सुबह-सुबह OMCs ने 19kg वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 1.50 रुपए की कटौती की है. इसके बाद दिल्ली में 19 किलो वाले गैस सिलेंडर का दाम 1755.50 रुपये हो गया है. नई कीमत आज से ही लागू हो गई है. 1 जनवरी 2024 को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में मामूली गिरावट की गई है. इनकी कीमत में 1.50 रुपए प्रति सिलेंडर कटौती की गई है. नई कीमत आज से ही लागू हो गई है. कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में आज मामूली बदलाव किया गया है, जबकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है. 1.50 रुपये की कटौती के बाद अब राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर का दाम घटकर 1755.50 रुपये हो गया है. इससे पहले यह 1757 रुपये में बिक रहा था. ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 1.50 रुपये से लेकर 4.50 रुपए तक की कटौती की है. इससे पहले 22 दिसंबर को भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की थी.

### राम मंदिर, सीएम योगी, एडीजी को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ,1 जनवरी।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम उड़ाने की धमकी मिली है. साथ ही एसटीएफ के मुखिया अमिताभ यश तथा भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को मारने की धमकी मिली है. भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को ईमेल भेजने वाले ने खुद को आईएसआई से जुड़ा बताया है. इस मामले को लेकर लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है. पुलिस के साथ एसटीएफ भी इस मामले की छानबीन कर रही है और ईमेल करने वाले को ट्रेस किया जा रहा है. इस संबंध में देवेन्द्र तिवारी ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर जानकारी दी है. उन्होंने कहा है कि ईमेल में जुबैर खान नाम के शख्स का जिक्र है. उसी के हवाले सेश्रीराम मंदिर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश और मुझे जान से मारने की धमकी दी है. वहीं डायल 112 पर भी किसी अज्ञात शख्स ने फोन कर श्रीराम मंदिर व मुख्यमंत्री को बम से उड़ाने की धमकी दी है. इस बारे में डीसीपी पूर्वी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है. वहीं डीजीपी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि धमकी का मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

### रामलीला मैदान के व्यवसायिक उपयोग का विरोध

**रायगढ़ ,1 जनवरी।** शहर के रामलीला मैदान में जिला प्रशासन ने तीन माह तक हथकरघा प्रदर्शनी लगाने की अनुमति देने से खिलाड़ियों में आक्रोश है द्य चुंकि खिलाड़ियों को खेलने के लिए शहर में यही एक मात्र मैदान है, यही वजह है कि खिलाड़ी इसका विरोध कर रहे हैद्य आज खिलाड़ियों ने रामलीला मैदान से रैली निकाली और सड़क पर एवम नगर निगम कार्यालय में फुटबॉल खेलते हुए अपना विरोध प्रगट किया द्य वहीं कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर मैदान का व्यवसायी उपयोग न करने और हथकरघा प्रदर्शनी के लिए दी गयी अनुमति को निरस्त करने की मांग की द्य खिलाड़ियों का कहना है कि शहर में वैसे ही कोई उपयुक्त खेल मैदान नहीं है और एक मात्र मैदान है।



## हमारी सरकार छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में सदैव रहेगी समर्पित : सीएम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,1 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा है कि नया वर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए. इसके साथ ही मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में सदैव समर्पित रहेगी. सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर लिखा, ÷मेरे प्रिय छत्तीसगढ़वासियों आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. यह नया साल आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आये. आप सभी जनों के आशीर्वाद से आज छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार स्थापित हुई है. इस नव वर्ष के पावन अवसर पर मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में सदैव समर्पित रहेगी.आप सभी भाई-बहनों को साथ लेकर मैं और मेरी सरकार समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे. मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने सौजन्य मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दीं।

# राममंदिर हमारे लिए वोट पाने का राजनीतिक मुद्दा नहीं: राजनाथ

**नई दिल्ली,1 जनवरी।** राम मंदिर के उद्घाटन में कुछ हफ्ते बचे होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राम जन्मभूमि उनके लिए केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक मुद्दा है। राम मंदिर से चुनावी लाभ मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही जब उनसे राम मंदिर से चुनावी लाभ मिलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''हमारे लिए वोट पाने के लिए यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, राम जन्मभूमि एक हमारे लिए सांस्कृतिक मुद्दा है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मैं किसी के कहने पर कुछ नहीं कहना चाहता। मैं भगवान राम से यही प्रार्थना करना चाहता हूं कि जिनकी बुद्धि किसी कारणवश खराब हो गई है, उनकी बुद्धि सुधार दी जाए।



शुद्धि हो जाये। राम सबके थे, सबके हैं और सबके रहेंगे। आपको बता दें कि राम मंदिर को लेकर देश में राजनीति खूब हो रही है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राम मंदिर बनाने की इजाजत देने के बाद यह धीरे-धीरे एक राजनीतिक स्टंट और चुनावी मुद्दा बन गया...मेरा मानना है कि वे बड़ी चतुराई से भगवान राम को धर्म की परिधि से राजनीति में लाने की कोशिश कर रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी गुट) नेता संजय राउत ने कहा था कि पीएमओ और सरकार अयोध्या से काम करेंगे। वे केवल राम के नाम पर वोट मांगेंगे क्योंकि उन्होंने और कुछ नहीं किया है। हम भी राम के भक्त हैं, वास्तव में, हम राम के सबसे बड़े भक्त हैं और हमारी पार्टी ने राम मंदिर के लिए बहुत बलिदान दिया है... वे हमारे देश को 5000 वर्ष पीछे ले गये हैं। उन्होंने कहा कि ये सब राजनीति है, बीजेपी के कार्यक्रम में कौन जाना चाहता है यह कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम नहीं है. ये बीजेपी का कार्यक्रम है, ये बीजेपी की रैली है. 'उसमें पवित्रता कहां है'...बीजेपी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद हम (अयोध्या) जाएंगे।

### दिल्ली में बेहद खराब हवा के बीच 2024 का स्वागत, 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान

**नई दिल्ली,1 जनवरी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस समय के औसत से तीन डिग्री अधिक है। राष्ट्रीय राजधानी में हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी प्रभावित हुई।यात्रियों और सुबह जल्दी उठने वालों को अलग-अलग स्तर की कम विजिबिलिटी का अनुभव हुआ, सुबह 7 बजे के आसपास सफदरजंग में सबसे कम विजिबिलिटी 700 मीटर दर्ज की गई। इस बीच, पालम में 1,100 मीटर की थोड़ी बेहतर विजिबिलिटी थी।भारतीय रेलवे के मुताबिक, खराब विजिबिलिटी के कारण मुंबई-फिरोजपुर, बेंगलुरु-निजामुद्दीन राजधानी, हैदराबाद-नई दिल्ली समेत 21 ट्रेनें घंटों की देरी से चलीं।

## जापान में भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**टोक्यो,1 जनवरी।** जापान ने पश्चिमी क्षेत्रों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए जाने के बाद सोमवार को सुनामी की चेतावनी जारी की। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा और आसपास के प्रांतों में भूकंप आने की सूचना दी, जिनमें से एक की शुरुआती तीव्रता 7.4 मापी गई। जापान के सरकारी प्रसारक एनएचके टीवी ने चेतावनी दी कि समुद्र में लहरें पांच मीटर तक पहुंच सकती हैं। इसने लोगों से जल्द से जल्द ऊंचे स्थानों या पास की इमारत की ऊपरी मंजिलों पर चले जाने का आग्रह किया। भूकंप के कारण क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है। जापानी सार्वजनिक प्रसारक एनएचके टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, होकुरिकु इलेक्ट्रिक पावर ने कहा कि वह अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में किसी भी अनियमितता की जांच कर रहा है। एनएचके टीवी ने चेतावनी दी कि पानी की धार 5 मीटर (16.5 फीट) तक पहुंच सकती है और लोगों से जितनी जल्दी हो सके ऊंची भूमि या पास की इमारत की चोटी पर भागने का आग्रह किया। एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार, इशिकावा प्रान्त में वाजिमा शहर के तट पर 1 मीटर से अधिक ऊंची लहरें उठीं। हालांकि, फिलहाल किसी तरह की क्षति की रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध नहीं हुई है।

## कार ने शिक्षिका को रौंदा, मौत

**दुर्ग,1 जनवरी।** नए साल के पहले ही दुर्ग जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा पर सवार होकर स्कूल जा रही शिक्षिका को रौंद दिया. हादसे में शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई और स्कूटी दो हिस्सों में बंट गई. वहीं आरोपी चालक कार को सड़क से उतारकर खेत में घुसा. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला पाटन थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, पाटन क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतोरा के आश्रित ग्राम देउरझाल में रहने वाली शिक्षिका अम्नेश्वरी कुर्रे शीतकालीन सत्र की छुट्टी समाप्त होने के बाद में आज अपनी स्कूटी पर ग्राम पतोरा के स्कूल जा रही थी. तभी दुर्ग पाटन मुख्य मार्ग पर पतोरा नाला के पास तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. बताया जा रहा है कि स्कूटी और कार की टक्कर इतनी तेज थी की मौके पर ही महिला टीचर की मौत हो गई. ठोकर मारते हुए कार खेत में जा घुसी. वहीं उसकी स्कूटी पूरी तरीका से टूट फुट गई. जिस तरह से स्कूटी की एक-एक पाट्र्स बिखरे पड़े हैं उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार कितनी स्पीड में रही होगी. इस घटना से आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश भी है. फिलहाल मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है और अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है.



# पूर्व सीएम बघेल ने मजदूरों को कंबल वितरण कर मनाया नया वर्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,1 जनवरी।** भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते हर बार नए साल की शुरुआत मजदूरों के साथ करते हैं. इस बार भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन के पास मजदूरों के बीच नए साल की शुरुआत करने पहुंचे. उन्होंने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नववर्ष की प्रदेशवासियों को बधाई दी.

इस दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी नई शुरुआत मजदूर साथियों के साथ किया है, हर बार करते हैं. ये परम्परा हम जारी रखे हैं, मजदूरों के हित में हमारी सरकार ने शुरू किया. गरीब के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ सके इसलिए लिए हमने आत्मानंद स्कूल खोले, आज पूरे देश में 5 किलो राशन मिलता हैं, हमारी सरकार 35 किलो देना शुरू किया, स्वास्थ्य के क्षेत्र में जेनेरिक मेडिकल, हार्ट बाजार क्लिनिक योजना, मोहल्ला में जाकर गरीबों का



इलाज किये, सभी वार्ड में मेडिकल मोबाइल यूनिट जाता था, तमाम प्रकार के इलाज होते थे, ये सब हमने शुरू किया. गरीबों की आय बढ़े इसके लिए गौमाता की सेवा के माध्यम से गोबर गौमूत्र खरीदे, लाखों परिवारों की आय बढ़ी, स्व सहायता समूह की महिलाओं को काम दिया, मेहनतकश साथी को सम्मान देना का काम किया, मजदूर दिवस के दिन बोरे-बासी, चीला-फरा, अंगाकर रोटी का भी मजा लिए, जब हम सरकार में थे तो ये सब शुरुआत किये थे. 2024 मंगलमय हो यही कामना है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हर साल मुंह मीठा करके मजदूरों को कंबल बांटते हैं. देश के निर्माण में श्रम श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, नए साल की शुरुआत हर साल यही से करते हैं. नए साल का क्या संकल्प रहेगा इस पर भूपेश बघेल ने कहा, नए साल का संकल्प यही है कि छत्तीसगढ़ खुशहाल रहे, छत्तीसगढ़ के लोगों को कोई कष्ट ना हो, छत्तीसगढ़ प्रगति करें, यही हमारा संकल्प है. 2024 में चुनाव है वह भी नजदीक है उसके पहले 14 जनवरी से राहुल जी यात्रा शुरू कर रहे हैं. न्याय यात्रा में हम लोग शामिल होंगे और छत्तीसगढ़ को भी जोड़ेंगे. राम मंदिर में श्रेय की राजनीति पर भूपेश बघेल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राम मंदिर बना है. राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने कहा था न्यायालय का जो आदेश है इससे ना 1 इंच आगे ना पीछे होगा, वैसे ही लागू किया जाएगा. उस समय उन्होंने कहा था और हुआ भी यही. यह लोग भले चीखते चिल्लाते रहे लेकिन न्यायालय के आदेश से ही राम मंदिर बन रहा है. जबरदस्ती श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं. शुरू से ही हमारा स्टैंड रहा न्यायालय का आदेश हम मानेंगे आज ये लोग राजनीतिकरण कर रहे हैं, हवाई अड्डा बने कौन रोक रहा है लेकिन बेच क्यों रहे हो हवाई अड्डा बन रहा है दूसरी तरफ बेच भी रहे हो, देश को बेचने में लगे हैं, अयोध्या में एयरपोर्ट बना है वह कब तक बचा रहेगा बिकने से यह बताएंगे। बीजेपी की घोषणाओं पर कहा- अभी हम लोग केवल होर्डिंग में देख रहे हैं। भाजपा की घोषणाओं पर भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार का काम है उसे पूरा करना, हम तो देख रहे हैं. अभी तो विभाग बटा है, मंत्रियों के रहने की भी जगह मकान नहीं दिया गया है. बनने दीजिए, बैठने दीजिए, व्यवस्थित होने दीजिए, काम करने दीजिए. अभी हम लोग केवल होर्डिंग में देख रहे हैं योजनाओं को धरातल में आने तो दीजिए काम करने का मौका तो दीजिए.

## सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत

**जमशेदपुर,1 जनवरी।** झारखंड में नए साल पर बड़ा हादसा हो गया। जमशेदपुर में सुबह बिष्टुपुर थाना अंतर्गत सर्किट हाउस गोल चक्कर के निकट हुई सड़क दुर्घटना में 6 युवकों की मौत हो गई। मृतकों में सभी की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच की है। सभी मृतक आदित्यपुर के बाबा आश्रम रोड नंबर 5 के निवासी थे। सभी सुबह 5 बजे सूरज नामक युवक की कार पर सवार होकर पिकनिक मनाने के लिए निकले थे। कार सूरज चला रहा था और बिष्टुपुर गोल चक्कर के निकट अनियंत्रित होकर पहले कार गोल चक्कर से टकराई उसके बाद बिजली के खंभे से टकराते हुए पेड़ से टकरा गई।



सुबह हुई दुर्घटना के बाद उस इलाके में ऑफर तफरी मच गई। तत्काल ही मौके पर बिष्टुपुर पुलिस पहुंची। कार में लाश बुरी तरह फंसी हुई थी। किसी तरह उन्हें बाहर निकाल कर टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही बाबा आश्रम से लोग पहले टाटा मुख्य अस्पताल पहुंचे जहां से सबको पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज लाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सभी युवक आपस में दोस्त है और रात में कॉलोनी में ही लिट्टी पार्टी का आयोजन किया गया था। आयोजन के बाद अचानक इनमें पिकनिक की योजना बनी और सभी कार से निकल गए। कार पर 7 लोग सवार थे जिसमें एक का इलाज टीएमएच में चल रहा है। शुभम कुमार झा पता बाबा आश्रम रोड नंबर 5 आदित्यपुर मूल रूप से बिहार के खगड़िया जिला के निवासी हैं। सुबह 5÷00 ड्यूटी की बात कह कर वह घर से निकला था शुभम मल्टी टेक में कार्यकर्ता था। अनिकेत महतो उर्फ मोनू 3 महीना पहले टाटा मोटर्स में ट्रेनिंग में ड्यूटी पड़े थे अभी कंपनी ब्लॉक क्लोजर होने के चलते बंद था इसीलिए घर पर थे मूल रूप से बिहार के पटना जिला अंतर्गत मोकामा निवासी है।



## हिट एंड रन कानून के विरोध में सड़क पर उतरे ट्रक और बस चालक

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,1 जनवरी।** हिट एंड रन के मामले में चालकों पर भारी भरकम जुर्माने के साथ ही 10 साल तक कि कठोर कारावास की सजा का प्रावधान नए बिल में किया गया है। केंद्र सरकार के इस प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है पूरे देश मे इस बिल के विरोध में चालक उतर गए है। वे अब ड्राइवरी का काम छोड़ने मजबूर होने की बात कह रहे हैं। आज से इस विरोध प्रदर्शन के तहत हाइवे पर ट्रक चालकों ने हड़ताल की शुरुआत कर दी है, जिससे सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई है और बड़े वाहनों के पहिये थम गए है। राजधानी के रिंग रोड नंबर 4 पर ट्रक चालकों ने जाम लगा दिया है। सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रहे हैं। ट्रकों को खड़े कर दिये हैं। राजधानी के कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल टैंकर नहीं पहुंचने के कारण डीजल व पेट्रोल का स्टाक खत्म हो गया है। हड़ताल जल्द समाप्त नहीं हुई तो डीजल चलने वाले यात्री वाहनों के भी चक्के थम जाएंगे। चालक नए कानून का लगातार विरोध कर रहे हैं। सुबह से ही चालकों ने हड़ताल कर दी। चालकों ने कहा कि वह रोजाना करीब 400 रुपये कमाते हैं। यदि हादसे में इस तरह से जुर्माना और सजा होगी तो परिवार भुखमरी के कगार पर आ जाएगा। जुर्माने की राशि कहां से देंगे। इसलिए ऐसा कानून न लाया जाए। दूसरी ओर ट्रक चालक वाहनों को खड़ा कर हड़ताल पर चले गए और प्रदर्शन कर कानून न लाने की मांग कर रहे है। ग़ौरतलब है कि नए साल के जश्न में भारी वाहनों की हड़ताल से परेशानी हो रही है सड़कें बंद हो गई है तो कई जगह जाम की स्थिति है क्योंकि चालक वाहनों को सड़कों पर खड़ी कर हड़ताल पर चले गए है इससे नए साल पर इधर उधर घूमने जाने वाले लोगों को सुबह से इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## साल 2023 में देश ने खोए 177 बाघ



**नई दिल्ली,1 जनवरी।** 2023 में भारत में कम से कम 177 बाघों की मौत हुई है, जिनमें से सबसे अधिक 45 बाघों की मौत महाराष्ट्र में दर्ज की गई है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में बाघों की 40 प्रतिशत मौतें शावकों और उप-वयस्कों से हुई हैं। पर्यावरण मंत्रालय ने कुछ मीडिया रिपोर्टों में 2023 में 202 बाघों की मौत की उच्च संख्या का उल्लेख करने के बाद डेटा जारी किया। मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर, 2023 तक, देश में 177 बाघों की मौत हुई है, न कि 202 की, जैसा कि गलत रिपोर्ट किया गया है। यह मुख्य रूप से उन राज्यों में है जहां बाघों की संख्या काफी अधिक है और उनके आवास उनकी वहन क्षमता पर काम कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि महाराष्ट्र में सबसे अधिक 45 मौतें दर्ज की गई हैं, इसके बाद मध्य प्रदेश में 40, उत्तराखंड में 20, तमिलनाडु में 15 और केरल में 14 मौतें हुई हैं। इसके अलावा, इनमें से 54 प्रतिशत मौतें बाघ अभयारण्य के बाहर हुई हैं। भारत अब दुनिया के 70 प्रतिशत से अधिक जंगली बाघों का घर है। देश में न्यूनतम 3167 बाघ हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारत में जंगली बाघ प्रति वर्ष 6 प्रतिशत की स्वस्थ दर से बढ़ रहे हैं, जो विभिन्न प्राकृतिक कारणों से बाघों की हानि को संतुलित करता है और निवास स्थान की वहन क्षमता के अनुसार बाघों की आबादी को बनाए रखता है। काउंटी में बाघ अभयारण्यों की कुल संख्या 54 है, जिसका क्षेत्रफ्ल 78,000 वर्ग किमी से अधिक है और यह भारत के भौगोलिक क्षेत्र के 2.30 प्रतिशत से अधिक को कवर करता है। इस वर्ष एक नया बाघ अभयारण्य ÷रानी दुर्गावती शुरू किया गया।

### सड़क हादसे में उपसरपंच और पटवारी पति की मौत

**सक्ती।** बाराद्वार थाना क्षेत्र में धनेलीभाठा कार हादसे में उपसरपंच और पटवारी के पति की मौत हो गई, वहीं कार में सवार अन्य 4 लोग घायल हुए हैं. यहां नए साल की खुशी मातम में बदल गई है. बाराद्वार से लवसरा गांव लौटते वक्त हादसा हुआ है. घायल 4 लोगों को इलाज के लिए सक्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के मुताबिक, लवसरा गांव की पटवारी के पति रवि कंवर, उपसरपंच चतुरमन साहू समेत 6 लोग कार में सवार होकर बाराद्वार गए थे. वहां से लवसरा लौटते वक्त धनेलीभाठा में अनियंत्रित होकर कार घर की बाउंड्रीवाल से टकरा गई. कार को रवि कंवर चला रहा

## एक नज़र

### लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम के साथ शिविर का समापन




**अंवरी,1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी टी के साहू के नेतृत्व में ग्राम जोरातराई,(अंवरी) में किया गया था जिसका समापन शिविरार्थियों द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। शिविर समापन के मुख्य अतिथि डॉ एस डी द्विवेदी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय, भखारा, अध्यक्षता खिलावन पाल सरपंच ग्राम पंचायत जोरातराई, टी आर साहू सचिव प्रबंध समिति छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा, परमेश्वरी महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत कुरुद, महेंद्र कुमार साहू, ग्राम पटेल, जोरातराई, डॉ शैलेंद्र कुमार साहू प्राचार्य के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।डॉ एस डी द्विवेदी ने शिविरार्थियों की दिनचर्या की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस दिनचर्या को यदि जीवन में लागू कर लिया तो निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। सुखद और दीर्घायु जीवन के यह दिनचर्या बहुत ही आवश्यक है ? । उन्होंने आगे कहा कि प्रातः उठते ही सबसे पहले मोबाइल देखने की आदत को सुधारें। सोकर मोबाइल चलाने से आंखों की रोशनी कमजोर हो जाती है। सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिलावन पाल सरपंच ने कहा कि आप लोगों ने जिस उद्देश्य को लेकर हमारे गांव में आए थे उसमें सफलता अवश्य मिलेगी। ग्राम में नशामुक्ति का संदेश के साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया इससे ग्राम में एक सकारात्मक सोच आई है। ग्राम वासियों को अपने आसपास को साफ सुथरा रखने से होनेवाले बेहतर स्वास्थ्य, मान-सम्मान में वृद्धि, सौहार्दपूर्ण व्यवहार जैसे फायदे से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि टी आर साहू ने बताया कि आपने सात दिवसीय शिविर के माध्यम से जनमानस में जो चेतना का संचार किया है चाहे वह प्रभातफेरी, योगाभ्यास हो, चाहे श्रमदान, विभिन्न विभागों से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा जनकल्याणकारी, ज्ञानवर्धक जानकारी हो या फिर शारीरिक, बौद्धिकता से परिपूर्ण ग्रामीण खेल हो सभी गतिविधियां सराहनीय, अवलोकनीय और अनुकरणीय रहा है। परमेश्वरी साहू व महेंद्र साहू द्वव ने लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होने चाहिए। इस धरोहर को संजोकर रखने के लिए इस तरह के कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। ताज्जुब होता है कि दिन भर की व्यस्ततम दिनचर्या में संलग्न रहने के बावजूद शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कला को बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित किया । पिता द्वारा नशापान को ना छोड़ पाने से घर में आर्थिक तंगी के चलते बीमार बच्चे की असामयिक मृत्यु हो जाने जैसी नशामुक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका ने जनमानस के मन को आंदोलित किया एवं नशा से होनेवाले दुष्परिणामों से अवगत कराया।

### भखारा नगर में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

**अंवरी, 1 जनवरी।** कांग्रेस शासन काल मे जब भाजपा विपक्ष में रहे तब कांग्रेस सरकार पर खुल कर नाचते रहे कि कांग्रेस सरकार द्वारा गली-गली एवं घर-घर में शराब बिक्री हो रहा है और इसी शराब के कारण इस वर्ष के विधानसभा चुनाव में इसी शराब के कारण कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ गया मजेदार बात तो यह है कि विधानसभा चुनाव का नतीजा 3 दिसंबर को आया और भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से मतदाताओं ने जीत दिलाया और जनता ने विश्वास जताया और उससे अपेक्षा रखा था कि भाजपा पार्टी के कोई भी मुख्यमंत्री बनेगा तो कोई भी गांव,कस्बा,शहर तथा छोटे शहर जैसे नगर पंचायत के गली मोहल्ले में अब अवैध शराब बिक्री होना बिल्कुल बंद हो जाएगा लेकिन यह उम्मीद पानी फेर रहा है गांव एवं छोटे शहर जैसे नगर पंचायत के गली मोहल्ले तथा कई वार्डों में अवैध शराब की बिक्री बढ़ते जा रही है आए दिन मोहल्ले का माहौल तनाव पूर्वक रहता है नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 3 के पास सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मोहल्ले वासियों ने मांग की है नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 गुरु घासीदास मोहल्ले के नवीन प्राथमिक शाला से कोलियारी तरफ जाने वाले दोनों सड़क की ओर सुबह 4ः00 बजे से रात्रि करीब 10 बजे तक ब्लैक में शराब बिक्री होने की सूचना सूत्रों से मिलते आ रहा है ।




**भिलाई।** भिलाई नंदिनी रोड एस एस हॉस्पिटल के सामने स्पीड बाइक ने मारी बैल को टक्कर बाइक सवार हुए घायल।

# खुर्सीपार गेट तिराहे के पास कॉम्प्लेक्स में जा घुसा ट्रक ट्रेलर, टला बड़ा हादसा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 जनवरी।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। यहां एक ट्रेलर खुर्सीपार तिराहे के पास सड़क किनारे कॉम्प्लेक्स में घुस गई। इस बीच ट्रेलर ने एक पिकअप को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना रविवार अलसुबह की बताई जा रही है। जिस कॉम्प्लेक्स में एसबीआईए पंजाब नेशनल बैंक आदि के एटीएम लगे हुए हैं। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी प्रकार के जानमाल की हानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। खुर्सीपार तिराहे पर सिग्नल पार करने के बाद चालक ने सड़क किनारे ट्रेलर को पार्क किया और चाय पीने चला गया। इस दौरान ट्रेलर का हैंड ब्रेक ठीक से नहीं लगा और वह ढलान की ओर लुढ़कता हुआ कॉम्प्लेक्स में जा घुसा। कॉम्पलेक्स के पास एक पिकअप भी खड़ी थी जिसे ठोकर मारते हुए ट्रेलर कॉम्पलेक्स में घुस गई।

जिस समय हादसा हुआ तब सड़क पर ज्यादा भीड़ नहीं थी जिसके कारण कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया। सूचना के बाद खुर्सीपार पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## बसों के पहिए थमे और कवर्धा,साजा जाने वाले रहे परेशान







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई।** दुर्ग बस स्टेंड पर सुबह आठ बजे महिलाए , कर्मचारी , युवा , बिजनेसमैन कवर्धा और साजा जाने के लिए बस स्टैंड पहुंचे और बस के ड्राइवर ने कहा की हम लोग हड़ताल में है और बस कुछ दिनो तक रुकी रहेगी । ड्राइवर ने कहा की इतना कड़ा कानून ला रही है क्या करे सरकार यह भी नही सोचती की हम लोगो का वेतन कितना कम है । धमधा , परपोडी , साजा , बेमेतरा बस स्टेंड का भी यही हाल है लोगो को यात्रा करने में दिक्कत हो रही है । कोई पुणे से आया है और बेमेतरा , साजा जाना है लेकिन हड़ताल के कारण बस थमे है ।



## स्वच्छता सेहत के लिए जरूरी, सब की सहभागिता होनी चाहिए: ललित चंद्राकर

**रिसाली।** सुशासन दिवस पर शुरू हुए स्वच्छ रिसाली अभियान रविवार को समापन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शहर स्वच्छ रहेंगा तो सेहत भी अच्छा रहेगा। हर नागरिक को इसे ध्यान में रखना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने रिसाली बस्ती मार्केट क्षेत्र में श्रम दान भी किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने अभियान की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। हर व्यक्ति की यह नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। इस अवसर निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, रमा साहू, सुंनदा चंद्राकर, धर्मेंद्र भगत, मनीष यादव, सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, राजू जघेंल,दशरथ आदि उपस्थित थे।

### अपहरण व मारपीट के मामले में चार के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई, 1 जनवरी।** पटना में ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में छात्रों का अपहरण कर अपने घर में ले जाकर बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में जामुल पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 347, 365, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है 7 छावनी सीएसपी आशीष बंछोर ने बताया कि केवल देवांगन (22 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे और उसके साथ अन्य दोनों साथियों को आरोपी विक्की शर्मा, जय शर्मा और बलवीर सिंग ने कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने के नाम पर बिहार पटना ले गए। वहीं उनसे कहा कि 30 हजार रुपए प्रति व्यक्ति और खाना रहना निशुल्क लगेगा वहां जाने पर पता चला कि वे लोग महादेव ऐप सट्टा की अन्ना रेड्डी बुक संचालित करते हैं 7 जब काम करने से मना किया तो उन्हें मजबूर करने लगे वहीं धमकी दी कि हमारे कार्य में सहयोग नहीं करोगे तो वापस भिलाई नहीं लौट पाओगे। 15- 20 दिन बाद जब मौका मिला तो प्रार्थी वहां से भागकर भिलाई आ गए।



### छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव से मनीष पाण्डेय ने की सौजन्य भेंट

**भिलाई,1 जनवरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने रविवार को छत्तीसगढ़ भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष, जगदलपुर विधायक किरण सिंहदेव से सौजन्य भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। पाण्डेय ने कहा कि सिंहदेव के नेतृत्व में प्रदेश संगठन और मजबूत होगा एवं युवा कार्यकर्ताओं को भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### सिलतरा मड़ई 2 जनवरी को

**अंवरी ।** ग्राम सिलतरा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 2 जनवरी दिन मंगलवार को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढी नाचा पार्टी खोरदो खुद्दंनी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम पटेल रामनारायण साहू ने दी।

# पं. रविशंकर शुक्ल को पुण्यतिथि पर भिलाई बिरादरी ने दी श्रद्धांजलि

**भिलाई, 1 जनवरी।** अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भविष्य दृष्टा एवं जननेता पंडित रविशंकर शुक्ल की 66 वीं पुण्यतिथि पर 31 दिसम्बर, 2023 को इस्पात नगरी भिलाई के सेक्टर-9 स्थित उनकी भव्य प्रतिमा के समक्ष प्रातः 10 बजे श्रद्धांजलि सभा में इस्पात बिरादरी, कांग्रेस जनों और आमजन द्वारा पं. शुक्ल को पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देश के सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र की भिलाई में स्थापना के प्रबल समर्थक और प्रणेता पं. शुक्ल की पुण्य स्मृति में श्रृद्धाँजलि सभा का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा एवं साँस्कृतिक समूह द्वारा, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी और पं रवि शंकर शुक्ल सामाजिक एवं साँस्कृतिक समिति के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री मुकेश चंद्राकर, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत बंजारे, एच एस सी एल की पूर्व उप महाप्रबंधक एवं समाजसेविका श्रीमती माया रानी शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन लाल गुप्ता, कांग्रेस नेता एवं समाज सेवक राकेश मिश्रा, पूर्व पार्षद एवं नेता प्रभूनाथ मिश्रा, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित किया और पं रविशंकर शुक्ल के योगदानों पर चर्चा की। इस अवसर पर आयोजन और मूर्ति स्थल के जीर्णोद्धार के




लिए सभी वक्ताओं ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भिलाई पं नेहरू और पं रविशंकर शुक्ल की कर्मभूमि हैं। इसको और विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इस्पात बिरादरी के सदस्यों के बच्चों को इसी भूमि में रोजगार मिल सकें। प्रभूनाथ मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि शुक्ल की कर्मभूमि में रोजगार कम हो रहा है, अब इस्पात नगरी वीरान हो रही है। इस दिशा में चिंतन होना चाहिए और इस्पात से जुड़े नये उद्योग भिलाई के आसपास लगने चाहिए, जिससे इस इस्पात नगरी की रौनक बनी रहें। संचालन पं रविशंकर शुक्ल सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के महासचिव मनोज मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर भिलाई के महापौर नीरज पाल, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच की महिला विंग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विजया मिश्रा, स्वदेश शुक्ला, पत्रकार एवं समाज सेवक सतीश पारेख, कांग्रेस नेता एवं समाज सेवक कृष्णा सिंह, कांग्रेस नेता एवं पार्षद सीजू एंथोनी, कांग्रेस के नेता एवं प्रवक्ता मोहम्मद जावेद खान, अशोक गिरी, राजेश शर्मा, श्याम वर्मा, स्वदेश सिसोदिया, आशीष शुक्ला, संयंत्र के जनसंपर्क विभाग के सदस्य तरसेम सिंह सहित इस्पात बिरादरी के अनेक सदस्य और कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि देश के सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र की भिलाई में स्थापना में पंडित रविशंकर शुक्ल ने आधारभूत भूमिका निभाई थी। पं. जगन्नाथ शुक्ल एवं श्रीमती तुलसी देवी के पुत्र के रूप में 2 अगस्त, 1876 में सागर में जन्में पं. रविशंकर शुक्ल ने अपनी मिडिल स्कूल की शिक्षा राजनांदगांव से शुरू की। जबलपुर के रॉबिनसन कॉलेज से इंटरमीडिएट और नागपुर के हिसलॉप कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही युवा पं. शुक्ल कांग्रेस के आंदोलन से प्रभावित हो गये थे। 1898 में अमरावती में हुए कांग्रेस के 13 वें अधिवेशन में पं. शुक्ल ने अपने शिक्षक के साथ भाग लिया और देश के अनेक तत्कालीन महानायकों के संपर्क में आये। यहीं से पं. शुक्ल की राजनीतिक जीवन और आजादी के आंदोलन की यात्रा प्रारंभ हुई। 50 वर्ष के अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में पं. शुक्ल ने अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रदेश के विकास, शिक्षा और आधारभूत संरचनाओं की स्थापना के लिये महत्वपूर्ण और स्मरणीय कार्य किये। पूर्व सी पी एवं बरार तथा अविभाजित मध्य प्रदेश के विकास में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जायेगा। मध्य प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री रहे पं. रविशंकर शुक्ल ने 31 दिसम्बर, 1956 में 80 वर्ष की उम्र में नई दिल्ली में अंतिम सांस ली।

# जब तक शरीर में जान है तब तक धर्म की करेंगे रक्षा:प्रबल प्रताप

### 140 लोगों की कराई सनातन धर्म में वापसी

**पत्थलगांव,1 जनवरी।** हिंदु कुल तिलक,घर वापसी मिशन के प्रमुख जशपुर कुमार प्रबल प्रताप जुदेव ने एक बार फि्र बडे पैमाने मे धर्म से भटके लोगो का सनातन धर्म में वापस कराया है। जशपुर कुमार प्रबल प्रताप ने 28 धर्मांतरित परिवार के 140 से भी अधिक लोगो का सनातन धर्म मे पैर धोकर वापस कराया है। हजारो की संख्या मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि धर्मांतरण देश तोड़ने मे सबसे बड़ा खतरा है,इसीलिए घरवापसी अति आवश्यक है उन्होने कहा कि जब तक शरीर मे प्राण है हम घर वापसी के माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा करते रहेंगे। अपने पिता स्व.दिलीप सिंह जूदेव के दिखाये पथ पर चलते हुये प्रबल प्रताप अपने धर्म की रक्षा करने के लिए हमेंशा तत्पर रहते है। समय-समय पर प्रबल प्रताप धर्मातंरण के खिलाफ अवाज मुखर किये हुये है। दरअसल यह पूरा आयोजन विगत दिन मां महामाया की पावन धरा अंबिकापुर मे आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की



200वीं जयंती के उपलक्ष्य मे संत सम्मेलन एवं 201 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ आयोजन हुआ था। इस दौरान संत हरकेवल,आचार्य स्वामी देवव्रत धनुर्वेदचार्य,कैलाश कर्मठ,पुष्पेन्द्र सिन्हा,आचार्य कर्मवीर शास्त्री,श्रीमती गीता वेदालकर,कपिल शास्त्री के अलावा आर्य समाज,धर्म जागरण एवं समस्त हिंदु संगठनो के लोग उपस्थित हुये। जशपुर कुमार एवं घर वापसी मिशन के प्रमुख प्रबल प्रताप ने जानकारी देते हुये कहा कि हिंदुओ के धर्म से किसी प्रकार का खिलवाड बर्दाश्त नही किया जायेगा। धर्मातंरण कराने वाले कतई समाज के लोग हिंदुओ के धर्म एवं आस्था से खिलवाड करना बंद कर दें,ऐसे समाज द्वारा जब भी धर्मातंरण कराने जैसे मामले जीवंत कराये जायेंगे जशपुर राजघराने का सदस्य वहा पहुंचकर अपने बिछडे भाईयों को धर्म से जोडने का हर संभव प्रयास करते रहेगा। उनका कहना था कि अब भी समय है ऐसा घिनौना कृत्य करने वाले संभल जाये अन्यथा परिणाम बुरा होगा।

### अवैध ईंट भट्ठों पर विभाग की नजर नहीं

**अंवरी।** भखारा क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईट भट्ठे का संचालन धड़ल्ले से चल रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से अवैध ईट भट्ठों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो रही रहा है।साथ ही राजस्व को होने वाले आय का भी नुकसान हो रहा है।अब तक खनिज विभाग द्वारा अवैध ईट भट्ठा संचालकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। हालांकि कुछ स्थानों में कागजी कार्रवाई कर खानापूर्ति करते आ रही है। इससे ईट भट्?ठा संचालकों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं ये लोग बड़े पैमाने पर ईट का निर्माण कर शासकीय व निजी जमीन के खनन करने में लगे हुए हैं। बता दें कि भखारा ब्लॉक के ग्राम भेलवाकुद,पचपेड़ी, गाड़ाडीह,रामपुर,सिलघटसहित अन्य स्थानों पर अवैध ईट भट्ठों का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है खनिज विभाग द्वारा पिछले वर्ष की जारी किये गए रायल्टी व पीट पास के भरोसे ईट भट्ठा संचालन किया जा रहा है इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

### नियम विरुद्ध कर रहे संचालन

ईट भट्ठा संचालन के लिए रायल्टी छूट कुम्हार को आबादी, वनक्षेत्र निस्तार स्थल,पाठशाला, सड़क,शासकीय भवन से तय दूरी पर ईट भट्ठा संचालित करना है इन सब नियमों के धज्जियां उड़ाते हुए ईंट भट्ठों का संचालन करते है! ग्राम भेलवाकुदा के ईट भट्ठा संचालन करने वाले से पूछा गया तो मध्यप्रदेश के रीवा नामक जगह से निवास स्थान बताए जा रहे थे बाहरी कुम्हारों का ग्रामीण इलाकों में पैठ जमा लिए है। और ग्रामीण इलाकों के किसानों से खेती की भूमि लेकर ईट भट्ठों का संचालन कर रहे है वहीं स्थानीय कुम्हार लोगों को अपने व्यवसाय करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा है ।

## यादव समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 7 जनवरी को

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा 32 वाँ राज्य स्तरीय यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह समाजिक विचार गोष्ठी एवं आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन 7 जनवरी को शहीद स्मारक भवन आयोजित किया जावेगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से भी यादव मिहिला पुरूष, युवा, युवती बुजुर्ग, समाज प्रमुख छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण विधायकगण उपस्थिति रहेंगे। इस परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य, युवक-युवती परित्यक्ता, विधवा, विधुर, विकलांग, प्रतिभागी भाग लेंगे। समाज को गौरवान्वित करने वाले यादव बंधुओं, राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक खेल, शिक्षा निवनिर्वाचित विधायकगणों का सम्मान किया जाएगा। उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं खिलाड़ियों तथा ख्याति प्राप्त यादवों का सम्मान किया जावेगा। परिचय सम्मेलन में यादव युवक -युवती भी अधिक संख्या में भाग लेंगे आवेदन पत्र वर्तमान में पंजीकृत हो चुके हैं तथा समाज के द्वारा वाट्सएप ग्रुप चल रहा है। जिसमें 3000सदस्य जुड़े हुए है उनको भी वाट्सएप ग्रुप के द्वारा आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा परिचय सम्मेलन कराने का उद्देश्य एकता भाईचारा बढ़ती ही महंगाई में फिजूल खर्च को रोकना है। इस कार्यक्रम में आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन भी किया जाता है। यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र भरकर पंजीयन करावें आदर्श विवाह सामूहिक विवाह के प्रतिभागी भी आवेदन पत्र भरकर पंजीयन करावें।

**एक नजर**

## मोदी के मन की बात का लोगों पर पड़ रहा गहरा असर:बजाज

**रायपुर ,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के तत्वावधान में आज श्रोताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात की 108 वी कड़ी का प्रसारण पाटन



ब्लॉक के ग्राम मगरघटा में सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम श्री मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से जीवन की गहराइयों पर प्रकाश डालते हैं. आज उन्होंनें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जो जागरूकता संदेश दिया उसका आम लोगों में गहरा असर पड़ेगा। श्री बजाज ने कहा कि राजधानी में गत दिनों एक परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या इसी मानसिक बीमारी का परिणाम है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक बजाज के अलावा वरिष्ठ उदघोषक श्याम वर्मा, अध्यक्ष परस राम साहू, डोमन सिंह ठाकुर, मुकेश शर्मा, दिनेश वर्मा, गोविंद प्रसाद चंद्राकार, रवि लाल सूर्यवंशी, प्रताप पांडे एवं केशव चंद्राकार सहित कई ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## रेल विभाग छत्तीसगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा:गुप्ता

**रायपुर,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि राज्य की जनता को त्यौहारी सीजन में सबसे बड़े आवागमन के साधन रेल से वंचित करने की साजिश कोरोना काल से शुरू हुई जो आज तक बदस्तूर जारी है जबकि स्थानीय छत्तीसगढ़ियों का रेल्वे ही एकमात्र बड़ा साधन है, एक ओर गरीबों की चिंता करने की बड़े-बड़े दावे करने वाले केन्द्र की भाजपा सरकार देश की जनता की भावनाओं के साथ लगातार कुठाराघात कर रही है। लोग रेल्वे स्टेशन पहुंचकर बेहद परेशान हो रहे हैं जब चाहे तब दर्जनों रेलगाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया जाता है इससे सीधा ट्रेन पकड़ने पहुंच रहे स्थानीय रेल यात्रियों को परेशानी के साथ सड़क मार्ग से भारी भरकम कीमत चुकानी पड़ रही है यह सब जानबूझकर किया जा रहा है छत्तीसगढ़िया जनता के विश्वासों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सपा नेता नवीन गुप्ता ने आगे बताया कि स्थानीय छत्तीसगढ़ियों का सबसे बड़ा महापर्व तीजा पोला होता है इस दौरान बेटियां ससुराल से अपने मायके आकर हरित तालिका तीज का उपवास करने आती हैं तीजा पोला के महापर्व में भी मेमू लोकल और पैसेन्जर सहित दर्जनों लोकल ट्रेनों को बंद कर दिया गया इससे स्थानीय छत्तीसगढ़्या जनता को सड़क मार्ग से आने जाने पर भारी कीमत चुकानी पड़ी। इस प्रकार से केन्द्र की भाजपा सरकार किस प्रकार सौतेला व्यवहार कर रही है।

# जनता से किए हर वादे पूरे करेंगे:सीएम

तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बलौदाबाजार जिले के सेम्हराडीह में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य थे। छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण और राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंक राम वर्मा और विधायक श्री व्यास कश्यप भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम की शुरूआत में समाज के महान विभूतियों को उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में नागरिकों की मांग पर सेम्हराडीह में उपस्वास्थ केंद्र की मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर एक छात्र श्री दीपक वर्मा को शिक्षा के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक मदद की मंजूरी की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने ''परिणय पुष्प'' और ''अरपा छत्तीसगढ़'' शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर दो आदर्श विवाह संपन्न हुए, अतिथियों ने नवविवाहित दम्पत्तियों को खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं और




आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कुर्मी समाज की पहचान एक राष्ट्रभक्त और मेहनतकश समाज के रूप में है। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता आंदोलन में इस समाज के महापुरूषों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम पांच वर्षों में आम जनता से किए हर वायदे को पूरे करेंगे। शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही कैबिनेट की बैठक में हमने 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लेकर मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने की शुरूआत कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का अंतरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुसार विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सालाना 12 हजार रूपए की सहायता दी जाएगी। महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस ने अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा महत्वपूर्ण होती है। पहले महिलाएं घर के कामकाज तक सीमित रहती थी, सामाजिक गतिविधियों में केवल पुरुषों का ही योगदान रहता था, लेकिन संवैधानिक प्रावधान के तहत उन्हें आरक्षण का भी लाभ मिल रहा है और महत्वपूर्ण स्थानों पर भी महिलाएं अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, समाज के पदाधिकारी श्री चोवा राम वर्मा, श्री धर्मेंद्र सरसिहा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# आयुक्त ने तुलसीपुर ममता नगर क्षेत्र का किया पैदल भ्रमण

तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव 31 दिसम्बर। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः सहायक अभियंता व उप अभियंता तथा स्वच्छता निरीक्षक के साथ शहर में सफाई एवं निर्माण कार्य देखने पैदल निकल तुलसीपुर ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, स्वच्छता से लोगो को जोडने तथा निर्माण कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता सर्व प्रथम मिलचाल एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा एकत्रिकरण की जानकारी ली। उन्होंने कितने दिन का कचरा एकत्रित है जानकारी लेकर गीला व सुखा कचरा पृथकीकरण के संबंध में प्रभारी से चर्चा कर गीला कचरा से खाद बनाने की मात्रा की जानकारी ली। सेन्टर प्रभारी ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर सेन्टर में लाकर गीला सुखा कचरा पृथक किया जाता है, साथ ही सुखा कचरा बेचने से प्राप्त राशि सभी



कर्मचारी आपस में बाट लेते है तुलसीपुर, ममता नगर में सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता सफाई में सुधार कर प्रतिदिन नाली साफ कर कचरा उठाने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव को दिये। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मी वार्ड चपरासी, सफाई दरोंगा निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करेंगे, नागरिकों व पार्षदों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करेंगे। साथ ही कहा कि सुशासन दिवस पर 25 दिसम्बर से प्रारंभ स्वच्छता अभियान का आज अंतिम दिवस है,आज सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई दुरूस्त रखे तथा लोगों को भी सफाई से जुडने व स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने वार्ड नं. 17 तुलसीपुर में नाली निर्माण तथा ममता नगर में अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन के पास मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत निर्माणाधीन सामुदायिक भवन एवं उद्यान निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने व प्रतिदिन तराई करने संबंधित ठेकेदार को कहने सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य की सतत् मानिटरिंग करे एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करावे। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे व श्री डागेश्वर कर्ष उपस्थित थे।

## गांव बनाने की अनूठी परंपरा अभी भी चल रहा है अंवरी में

**अंवरी,1 जनवरी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम अंवरी में गांव बनाने का अनूठा परंपरा चल रहा है जिसमें फसल मीजांई के वक्त गांव के देवी देवताओं को विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया जाता है और साथ में ठाकुर देव में किसान अपने द्वारा कमाए हुए धान के बीड़ा को सभी किसान अपने अपने घर से एक एक बीड़ा चढ़ाते हैं ।जिसमें गांव के प्रमुख सरपंच पुनेश्वर साहू ,कुलंजन सिंह ठाकुर ,लेख राम साहू ,बालाराम ध्रुव ,फलेंद्र ध्रुव, चिंता मरकाम ,बिसाहू राम साहू, दौवराम साहू, देवनारायण नागारचि, भिषम ध्रुव बैगा, अजय पांडा , रमेश, हिमलोचन, चैन यादव, इन लोगों ने बताया कि यहां गांव बनाने का परंपरा को त्यौहार के रूप से मनाया जाता है गांव के कोटवार द्वारा 1 दिन पहले मुनिया दी कर दिया जाता है ताकि जब तक गांव के पूरे देवी देवताओं का पूजा अर्चना नहीं होगा तब तक कोई अपने घर पीने के लिए नलकूप से पानी नहीं भरे पूजा अर्चना के बाद ही अपने घर पानी भर सकता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से केन्द्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जा रहा:संतोष पाण्डे

तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव 31 दिसम्बर 2023। भारत सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन विकासखंड छुरिया के ग्राम रंगीटोला पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया और चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री संतोष पाण्डे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि जैसी अनेक लोककल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को



जनसामान्य तक पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान सांसद श्री पाण्डे ने विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी ने शपथ दिलाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत सीधे संवाद कर प्रतिक्रिया जानी गई। धरती कहे पुकार के कार्यक्रम के तहत पर्यावरण सरंक्षण व जैविक खेती को बढ़ावा देने स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड डेमोट्रेशन एवं प्रगतिशील किसानों के साथ जैविक कृषि पर बातचीत कर जैविक कृषि को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को टी-शर्ट पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों व उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। स्टॉल के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया और योजना अन्तर्गत हितग्राहियों से आवेदन भी प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को गैस -चूल्हा का वितरण किया। ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और वितरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, श्री रविन्द्र वैष्णव, श्री चन्द्रिका डडसेना, श्री संजय सिन्हा, सरपंच, पंचायत पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम डोंगरगांव श्री अश्वन पुसाम, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया श्री एसके ओझा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया श्री आसराम कंवर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा श्री मोहित पडोती एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने टीवी मरीजों की मदद के लिए आगे आने की अपील की

तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,1 जनवरी।** प्रधानमंत्री के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने एवं अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है 7 प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी जिलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है7 इन शिविरों में लोगों के की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग के साथ ही स्वास्थ्य से सम्बंधित विभिन्न सुविधाएं भी प्रदान कीजा रही है 7 शिविरों में हितग्राहियों को सिकलसेल कार्ड, आयुष्मान कार्ड के साथ ही टी.बी. मरीजों को फ़ूड बास्केट भी प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत 15 दिसम्बर 2023 से की गई है 7 अब तक प्रदेश में 3 हजार 242 कैंप लगाए जा चुके हैं। अपने जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा इन कैम्पों में जाकर




हितग्राहियों से मिलकर सिकलसेल कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड दिए गए एवं टी.बी. मरीजों को फ़ूड बास्केट वितरित किए गए। अब तक इन शिविरों में 7 लाख से अधिक लोगों की टी.बी. स्क्रीनिंग की गई है साथ ही 1 हजार 325 लोग निक्षय मित्र बन टी.बी. मरीजों की मदद के लिए आगे आएं हैं जिनमें मुख्मंत्री श्री विष्णु देव साय भी शामिल हैं उन्होंने टीबी रोग के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए लोगों से निक्षय मित्र बनकर आगे आने की अपील की है।कैम्पों में 5 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की सलाह दी गई । शिविरों में 4 लाख 99 हजार से अधिक की रक्तचाप जाँच, 4 लाख 85 हजार की मधुमेह जाँच, 2 लाख 88 हजार की सिकलसेल जाँच एवं 59 हजार से अधिक की एनसीडी स्क्रीनिंग कर उच्च स्वास्थ्य संस्था रेफर किए गए हैं । विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अब तक 54 हजार 459 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं एवं इन शिविरों में 1 लाख 80 हजार से अधिक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने विस अध्यक्ष बनने पर डॉ. रमन सिंह को बधाई दी

**राजनांदगांव,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश बिसने ने बताया कि 30 जनवरी दिन शनिवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में जिला भाजपा एवं मंडल भाजपा ने रायपुर निवास पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह जी को विधानसभा अध्यक्ष बनने



पर बधाई दी इस अवसर पर मुख्यरूप से जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पदाधिकारी महामंत्री दिलीप साहू, पवन निर्मलकर, श्यामलाल वर्मा, योगेश देवांगन, प्रियंक सोनी, गप्पू सोनकर, विजय कुमार सिन्हा, दिनेश वैष्णव, तामेश्वर साहू, भीष्म देवांगन, संतोष निर्मलकर, हेमा सेंगर, मधू वर्मा, नंदनी सेंगर, पुनम साहू, अंबर साहू, सतीस धीवर, संदीप सोनी, अंकित पटेल, राकेश साहू, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल से सोहन साहू, रोशन साहू, दिनेश साहू, जीवन वर्मा, ललित यादव, सृकृत साहू, डिगेश सिन्हा, लालराम देवांगन एवं जिला व मंडल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ऑनलाइन क्रिकेट मैच में सट्टा खेलाने वालों पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में अवैध गांजा - शराब बिक्री, जुआ, सटटा, तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 30.12.2023 को मुखबीर से सूचना मिली की बजरंगपुर नवांगांव वार्ड निवासी लीला राम वर्मा अपने दोस्तो के साथ मिलकर मोबाईल फोन के माध्यम् से क्रिकेट मैच में ऑनलाईन सटटा जुआ खेला रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ के लीलाधर वर्मा के घर के




सामने दबिश देकर आरोपी लीलाधर वर्मा को पकडकर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने दोस्त धीरज साहू, सचिन साहू, धर्मेन्द्र साहू, के साथ मिलकर 06 माह पूर्व से ऑन लाईन एप से आईडी लेकर क्रिकेट मैच में रूपये पैसों का दांव लगाकर सटटा खेलना बताये जिस पर आरोपी लीलाधर वर्मा से 02 नग मोबाईल व नगदी रकम 2000/-, आरोपी धीरज साहू से 01 नग मोबाईल व नगदी रकम 500/-, आरोपी सचिन साहू से एकन नग मोबाईल व नगदी रकम 800/- रूपये, आरोपी धर्मेन्द्र साहू से एक नग मोबाईल व नगदी रकम 700/- रूपये को जप्त किया गया आरोपीगण का कृत्य धारा छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6,7 का घटित करना पाये जाने से आरोपीगण (1.) लीलाधर वर्मा पिता स्व0 जैनलाल वर्मा उम्र 37 साल, (02) धीरज साहू पिता खिलावन साहू उम्र 24 साल (03.) धमेन्द्र साहू पिता धन्नुराम साहू उम्र 31 साल (04.) सचिन साहू पिता समय लाल साहू उम्र 27 साल सभी निवासी बजरंगपुर नवांगांव पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को गिरफतार कर वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उपनिरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, उनि संजय बरेठ थाना कोतवाली, सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र0आर0 संतोष मिश्रा, आर0 राजकुमार बंजारा, लकेश्वर निराला, नागेश्वर साहू, बीरबल सिंह, हीरासिंह, म0आर0 कौशिल्या साहू, आर0 नेमसिंह, जयसिंह थाना कोतवाली एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

## यातायात पुलिस ने की 18 स्कूली बसों का मैकनिकल एवं फिटनेस की चेकिंग

**राजनांदगांव ,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री



राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री हेमप्रकाश नायक के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा शहर के युगांतर पाब्लिक स्कूल, गुरूनारक स्कूल एवं वेसलियन स्कूल की कुल 18 बसों का मैकेनिकल एवं फिटनेश चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देश - फिटनेश, परमिट, स्पीड, सीसीटीव्ही कैमरा, अन्य 16 कंडिकाओं में चेकिंग किया गया और यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश दिया गया साथ ही वाहन चालकों का भी नेत्र परीक्षण करवाया गया। इस कार्यवाही के दौरान आर.टी.ओ. के निरीक्षक श्री डोमेन्द्र चुरेन्द्र, मिथलेश महार, विपिन मेहर, संतोष गरदे एवं यातायात पुलिस के निरीक्षक अजय खेश सउनि एनलाल, सउनि कुंजलाल एवं अन्य स्टाफ के साथ-साथ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही।

## भंडारे के साथ भागवत कथा का हुआ समापन

**बजरंगपुर,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नवागान्व् साहू परिवार एवं वार्डवासियो द्वाराकिया गया था जिसमे अर्जकुंड जीवन कालोनि से पंहुचे



भगवताचार्य पंडित श्री अनिल तिवारी जी के मुखर विन्द से किया गया जंहा बड़ी संख्या मे श्रद्धालूजन कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवन का आनंद उठाया सात दिनों तक चले कथा मे आख़री दिन गीता सुनाया गया साहू परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति मे सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया था इस दौरान प्रहलाद चरित्र ,कृष्ण जन्मोत्सव ,कृष्ण बाल लीला ,रुखमणि विवाह ,सुदामा चरित्र के बाद हवन पूजन एवं भंडारा के साथ कथा का समापन किया गया

## कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ एवं विभागध्यक्ष शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर 2024 का विमोचन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के करकमलों से संपन्न हुआ। विमोचन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री कमल वर्मा के साथ पदाधिकारीगण श्री अविनाश तिवारी, श्री युगल किशोर, श्री सत्येन्द्र देवांगन।

## एक नजर

### उत्कल समाज ने किया नए साल का स्वागत



**दल्लीराजहरा, 1 जनवरी।** उत्कल समिति में ओड़िया समाज के द्वारा रविवार की संध्या साल की बिदाई एवं आने वर्ष 2024 के स्वागत के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके चीफ गेस्ट एसजेएसपीएल से एसके राउतराय एचआर एडमीन हेड थे। कार्यक्रम का शुभारंभ चीफ गेस्ट के द्वारा भगवान जगन्नाथ के तेल चित्र पर पुष्प, गुलाल धुप दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत ओड़िया स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। चीफगेस्ट द्वारा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि ओड़िया समाज हमें मुख्य अतिथि से सम्मानित कर गौरवान्वित किया गया हम समाज को आगे बढ़ाने के लिए व समाज हित हमेशा तत्पर रहेगें इसके साथ सभी समाज के समस्त सदस्यों महिलाओं बच्चों तथा नगर के समस्त गणमान्य नागरिकों को साल के अंतिम बिदाई एवं आने वाला वर्ष 2024 की मंगलकामना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में ओड़िया समाज के नये सदस्य एसजेएसपीएल के एचआर एडमीन हेड एसके राउतराय एवं राधाकृष्णन पटनायक एजीएम को सदस्यता ग्रहण कर ओड़िया समाज में शामिल किया गया। आगे विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिता कुर्सी दौड़, गोली चम्मच, गीत व नृत्य सहित अन्य छोटे छोटे खेल प्रतियोगिता के साथ साल की बिदाई एवं नव वर्ष 2024 की स्वागत का हर्षोल्लास के साथ मनोरंजक उत्सव मनाया गया खेल में प्रमुख रूप से ओड़िया समाज के महिला एवं छोटे छोटे बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। समाज के सभी वर्ग के लोग एक जगह एकत्रित होकर गीत व नृत्य कर हर्षोलास के साथ ही समाज के लोग एक दुसरे को गले लगाकर व सहर्ष अभिवादन के साथ नव वर्ष की बधाई शुभकामना संदेश दिये। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतियोगियों को चीफ गेस्ट एसके राउतराय एचआर एडमीन हेड के कर कमलों से पुरस्कार वितरण कर उज्वल भविष्य की शुभकामना दिया गया। इस कार्यक्रम में एसजेएसपीएल के एचआर एडमीन हेड एसके राउतराय एवं एजीएम राधाकृष्णन पटनायक का प्रमुख योगदान रहा। समाज के राजेन्द्र बेहरा, विजय कुमार भंजा, राज किशोर मोहंती, चन्द्र शेखर , दीपक पटनायक, अशोक बेहरा, प्रमोद चैधरी, टी कांता राव, भगवान बिसोई, एम सुतार, दशरथ महंत, प्रमोद नायक , मिहिर सुआंई सहित समाज के महिला एवं बच्चे उपस्थित थे।

### बच्चों के उचित खानपान एवं शत प्रतिशत टीकाकरण की आवश्यकता



**गरियाबन्द, 1 जनवरी।** नवाचार अभियान के तहत जनजाति क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के साथ मीटिंग सम्पन्न हुई जिसमे जिले को कुपोषण मुक्त, एनीमिया मुक्त, प्रसव पूर्व देखभाल एवम सही स्तनपान को लेकर व्यवहार परिवर्तन एवं पंचायत की भूमिका एवम पालकों की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। कार्यकर्ता के द्वारा गृह भ्रमण , रेडी टू ईट, गुड़ चिकी गरम भोजन आदि को गर्भवती माता एवम बच्चों को प्रदान किया जा रहा है । ग्राम पंचायत लोहारी में हुई इस मीटिंग में 0 से पांच वर्ष के बच्चों के उचित देख भाल, खानपान एवम शत प्रतिशत टीका करण हेतू सभी को साथ मिलकर कार्य कर रहे है।मीटिंग में यूनिसेफ जिला सलाहकार चित्रा साहू, पीपरछेड़ी सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती सरोज मीर्चे,पंचायत प्रतिनिधि एवम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रदेश साहू संघ में 56 पदाधिकारियो की नियुक्ति

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंग साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनकुमारी साहू व प्रदेश संयोजक (आई.टी. प्रकोष्ठ) द्वारिका साहू के अनुसशा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आई.टी. प्रकोष्ठ) रायपुर संभाग में 56 पदाधिकारियों का नियुक्ति किया गया है।

सभी ने समस्त पदाधिकारियों के उज्जवल

# 20 क्विंटल अवैध धान जब्त

## अवैध धान की निगरानी के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 1 जनवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन सीजन 2023-24 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने जिले में धान खरीदी के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित धान खरीदी केंद की निरंतर जांच करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्ति किये गये है। जिसके तहत जिले के सीमावर्ती इलाकों में चेकपोस्ट पर अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार, 30 दिसंबर को श्री सोयम शेखर निवासी ग्राम बिरला के द्वारा उड़िसा से 40 नग प्लास्टिक बोरी से 20 क्विंटल धान नावघाट बिरला में अनलोड किया हुआ था। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर श्री परवेश्वर लाल मण्डावी तहसीलदार कोण्टा एवं दोरनापाल और थाना प्रभारी ऐर्राबोर की संयुक्त टीम ने मौके पर तत्काल पहुँचकर, सोयम शेखर के पास धान परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। किन्तु सोयम शेखर पर धान परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज पेश करने में असमर्थ रहा, जिसके कारण अवैध धान को जब्ती की कार्यवाही हेतु मंडी निरीक्षक कोण्टा को सौपा गया। मंडी निरीक्षक कोण्टा के द्वारा अवैध धान को छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 ( क्र. 24 सन् 1973) एवं संशोधित अधिनियम 1998 की धारा 20 एवं 23 के प्रावधानों के अंतर्गत जब्ती की कार्यवाही कर जब्तशुदा अवैध धान को थाना ऐर्राबोर में सुरक्षार्थ सुपुर्द कर दिया गया। सोयम शेखर के द्वारा उक्त धान को खरीदी केन्द्र में खपाने की नियत से उड़िसा से परिवहन किया गया। कार्यवाही के दौरान श्री परमेश्वर लाल मण्डावी, तहसीलदार कोण्टा एवं दोरनापाल, श्री विरेन्द्र सिंह थाना प्रभारी ऐर्राबोर, श्री जीवन सोनी मंडी निरीक्षक कोण्टा, श्री नागेश मड़कम, हल्का पटवारी व टीम उपस्थित थे।

## खेत में ड्रोन से यूरिया छिड़काव की विधि का 2 गांवों किया गया प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 1 जनवरी।** विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अगले पड़ाव के रूप में शनिवार को पहले जैसाकर्रा और फिर दरगहन ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को एलईडी स्क्रीन से युक्त प्रचार वाहन के माध्यम से दी गई। सभी के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लक्ष्य के अनुरूप भारत को विकसित और सफल बनाने की सामूहिक शपथ ली गई। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने इस कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी खंड के अंतर्गत अपने अनुभव आमजनों के साथ साझा किए। केंद्र सरकार की योजना जल जीवन मिशन के विषय में श्रीमति मीरा नायक ग्राम जैसाकर्रा ने जानकारी दी कि पहले बाहर से पानी की व्यवस्था में काफी मेहनत करनी पड़ती थी मगर जल जीवन मिशन लागू होने के बाद से घर के बेहद पास ही साफ पेय जल उपलब्ध हुआ है जिससे मेहनत और समय की बचत हुई है। प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना से लाभान्वित हितग्राही श्रीमति अनिता मंडावी ग्राम दरगहन ने जानकारी दी कि पहले चूल्हे पर खाना बनाने से पूरा घर धुएं से भरता था काफी दिक्कत होती थी और समय भी बहुत बर्बाद होता था। अब प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत किफायती दाम पर गैस उपलब्ध हुई जिससे समय बचता है और धुएं की समस्या से मुक्ति मिली है। आंखे भी अब सुरक्षित हैं। इसी प्रकार भारत सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अपने विचार उक्त कार्यक्रम में ग्रामवासियों के सामने रखे।

## हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में वाहनों के पहिए जाम





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 1 जनवरी।** नए बनाए जा रहे हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरो ने आज 1 जनवरी से हड़ताल शुरू कर दी है। जिसका असर गरियाबंद समेत छत्तीसगढ में भी देखने को मिला। जहां 1 जनवरी को ट्रकों के पहिए थम गए और एफसीआई गोदाम के आसपास सड़क के दोनों ओर ट्रकों की कतारें लग गई। ट्रैकों के अलावा इस हड़ताल से बसों पर भी काफी प्रभाव नजर आया आधे से भी काम बसें यात्रियों के लिए उपलब्ध हो पाई अभी तीन दिन के लिए हड़ताल घोषित की गई है। जिसे लेकर ड्राइवर महासंघ के पदाधिकारी का कहना है कि कानून पूरी तरह गलत बनाया जा रहा है कोई जानबूझकर घटना नहीं करता है ऐसे में महज 8000 की तंखा के लिए 10 साल की सजा का जोखिम उठाना कहां सही है गरीब व्यक्ति ही ड्राइवर बनता है ऐसे में 7 लाख का जुर्माना कहां से भरेगा दुर्घटना होने के बाद घटनास्थल पर रुकने से अनियंत्रित भीड़ ड्राइवर और वाहन के साथ कोई भी घटना कर सकती है इसलिए नजदीकी थाने में वाहन खड़े करते हैं ऐसे में आने वाले समय में कोई भी ड्राइवर का काम नहीं करना चाहेगा।

## मिलिशिया कमांडर सहित 4 माओवादियों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 1 जनवरी।** सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, श्री अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा के मार्ग दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, श्री विजय प्रताप, कमाण्डेन्ट 201 वाहिनी कोबरा के निर्देशन तथा श्री दिनेश कुमार देव, द्वितीय कमान अधिकारी 201 वाहिनी कोवरा, श्री प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, श्री विजय सिंह राजपूत, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में दिनांक 29.12.2023 को मुखबिर की आसूचना पर थाना चिंतलनार से श्री पुरूषोत्तम सिंह, डिप्टी कमाण्डेन्ट, श्री पवन बडगुजर, डिप्टी कमाण्डेन्ट के हमराह 201 वाहिनी कोबरा का वल एवं श्री मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा, उप निरीक्षक कुलदीप राय थाना प्रभारी चिंतलनार के हमराह जिला बल का संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन हेतु ग्नम मोरपल्ली, बड़े मोरपल्ली, रावगुड़ा, मरकागुड़ापारा जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुये थे कि अभियान के दौरान बड़े मोरपल्ली के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने व छिपने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर 04 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः 01. माड़वी मंगडू पिता स्व. नंगा उम्र लगभग 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी बड़े मोरपल्ली थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0), 02. हेमला जोगा पिता हिडिया उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी बड़े मोरपल्ली थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0), 03. कुंजाम कोसा पिता स्व. लखमा उम्र लगभग 31 वर्ष जाति मुरिया निवासी बड़े मोरपल्ली थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0), 04. माड़वी जोगा पिता स्व. बण्डी उम्र लगभग 55 वर्ष जाति मुरिया निवासी बड़े मोरपल्ली थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0) का होना बताये। जो प्रतिबंधित नक्सली संगठन में माड़वी मंगडू मिलिशिया कमाण्डर, हेमला जोगा मिलिशिया सदस्य, कुंजाम कोसा मिलिशिया सदस्य, एवं माड़वी जोगा डीएकेएमएस सदस्य के पद पर कार्य करना बताये। जिनके द्वारा पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गो पर स्पाईक लगाना, रोड खोदकर मार्ग अवरूद्ध करना, शासन के विरूद्ध माओवादी पर्चा लगाना आदि कार्य करना बताये, जिनके पास रखे थैले को चेक करने पर लोहे का स्पाईक 07 नग, लकडी के नुकीला सुजानुमा स्पाईक 05 नग, लोहा के सब्बल 03 नग, माओवादी पर्चे लगभग 40 नग, माओवादी साहित्य 01 नग, नोट बुक गोंडी में लिखा हुआ 02 नग, माओवादी बैनर 05 नग सीपीआई माओवादी दक्षिण बस्तर जगरगुण्डा एरिया कमेटी लिखा हुआ आदि बरामद किया गया। उक्त बरामद सामाग्री रखे जाने के संबंध में पूछताछ करने पर माओवादी संगठन के अग्र संगठनों के साथ समन्वय व तालमेल बनाकर प्रतिबंधित माओवादियों का सहयोग करना व क्षेत्र में दहशत फैलाने का कार्य करना स्वीकार किये। उक्त कृत्य विधि विरुद्ध पाये जाने से थाना चिंतलनार में अपराध क्रमांक 09/2023 धारा 8 (1) (3) (5) छत्तीसगढ़ विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उपरोक्त चारों आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुये दिनांक 29.12.2023 को विधिवत् गिरफ्तार कर आज दिनांक 30.12.2023 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## ई-जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष आवेदकों ने रखी अपनी मांग एवं समस्याएं

**कांकेर, 1 जनवरी।** आज आयोजित कलेक्टर ई-जनदर्शन में जिले के आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला से मुलाकात की। प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियें को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।




एनआईसी कक्ष में आज सुबह 11 बजे से आयोजित ई-जनदर्शन में विकासखण्ड पखांजूर के ग्राम नवीनपल्ली के ग्रामीणों ने नवीन राजस्व ग्राम की अधिसूचना व राजपत्र के प्रकाशन में प्रगति लाने की मांग की। इसी तरह ग्राम माकड़ीखूना निवासी श्री रघुनाथ नरेटी ने जमीन विवाद का निराकरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम कांकेर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। स्थानीय जनकपुर वार्ड के पार्षद श्री नरेश बिछिया ने आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की। इसके अलावा टिकरापारा कांकेर निवासी नीरज पाण्डेय ने आर्थिक सहायता प्रदाय करने एवं आवास की मांग की। कंकालीनपारा वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ कार्य हेतु उन्हें अवसर प्रदान करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही करने टीप लिखकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी को अग्रेषित किया। आवेदक श्री मुकेश कोसरे, प्रीतम मंडावी और काशीराम सिन्हा ने विश्राम गृह चारामा में अस्थाई/अकुशल श्रमिकों को यथावत रखे जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व संबंधित अधिकारी द्वारा मौखिक आदेश पर उन्हें उक्त कार्य से हटा दिया गया है। कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवेदन अग्रेषित किया।

इसी प्रकार पखांजूर के लक्ष्मीपुर पी.व्ही. 73 के आवेदक श्री प्राणतोष सरकार ने अपनी निजी भूमि पर 200 नग लाल चंदन के वृक्ष रोपने हेतु शासन से अनुदान राशि की मांग की। गोविन्दपुर वार्ड की श्रीमती मिथिला राठौर ने पटवारी द्वारा गलत नक्शा तैयार करने की शिकायत करते हुए इसमें सुधार करने की मांग की। कांकेर के ग्राम रावस के शासकीय हाई स्कूल से सेवानिवृत्त व्याख्याता श्री छबिलाल जैन ने जीपीएफ एवं वेतन निर्धारण की राशि अब तक नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने प्रकरण का परीक्षण कराने जिला कोषालय अधिकारी को आवेदन पर टीप लिखकर अग्रेषित किया। स्थानीय भंडारीपारा के आवेदक श्री बेनूराम पटेल ने मकान की क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम धौंराभाठा निवासी श्रीमती छबिला नेताम ने आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके पति के मृत्यु करंट की चपेट में आने से हो गई थी। पति के मृत्यु के उपरांत परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। इस पर कलेक्टर ने नियमानुसार प्रकरण का परीक्षण कर आगे की कार्यवाही करने तहसीलदार नरहरपुर को निर्देशित किया। नरहरपुर के वार्ड क्रमांक-14 की आवेदिका कुमारी अंजली नेताम, लालिमा नेताम और हर्ष नेताम ने पिता का वेतन विभाजन कर प्रतिमाह राशि दिलाने की मांग की। नरहरपुर के ही वार्ड क्रमांक-12 निवासी श्रीमती शांति नेताम ने पैतृक संपत्ति का हिस्सा दिलाने की मांग की।

इसके अलावा पखांजूर के ग्राम पंचायत पुरूषोत्तमनगर पी.व्ही. 40 की श्रीमती अपर्णा गोलदार ने पति की मृत्यु उपरांत अनुकंपा नियुक्ति की मांग की। इस पर कलेक्टर ने उक्त प्रकरण मध्यप्रदेश सिवनी जिले से संबंधित होने की बात बताते हुए आवेदन संबंधित जिले से करने की सलाह दी। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के मांगों एवं समस्याओं को लेकर जिले के आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। ई-जनदर्शन में एसडीएम कांकेर श्री मनीष साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में जैविक व प्राकृतिक खाद उपयोग करने का दिया संदेश



**सुकमा,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत मुरतोंडा, गोंगला और कुंदनपाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम ग्राम मुरतोंडा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय हाई स्कूल मुरतोंडा के छात्रों ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें सर्व प्रथम स्वागत गीत गायत्री यादव, सरोज यादव व बैजन्ती यादव ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात राहुल व साथियों के द्वारा जैविक व प्राकृतिक खाद उपयोग करने का संदेश देने के लिए एक लघु नाटक का मंचन किया। भारत करे पुकार के प्रस्तुत सभा मे सभी को प्रेरित किया तथा मंचासीन अथितियों व सभासदो ने नाटक द्वारा प्रस्तुत संदेश का भूरी भूरी प्रशंसा किए। इके पश्चात सरिता यादव ने हल्बी एकल गीत के माध्यम से छ.ग. महतारी व बस्तर माटी का बंदन किया गया। देवकी व साथी के द्वारा सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जो लोक गीत के माध्यम से विकसित भारत के चरित्रों को दर्शाता है। विद्यालय व शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मे से बालिकाओं के लिए महारानी लक्ष्मीबाई आत्मारक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त करने कराटे का प्रदर्शन शाला के बालिकाओं ने किया। अंतिम संस्कृतिक प्रस्तुति सरोज यादव व साथियों के द्वारा स्वच्छता पर आधारित सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जो कार्यक्रम का आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस शिविर में सभी विभागों के द्वारा संचालित कार्यक्रम व योजनाओं का स्टल लगे जहाँ स्कूल के सभी विद्यार्थियों के द्वारा अवलोकन कर योजना के बारे में जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम मे विद्यालय के ओर से संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभा का आकर्षण के केन्द्र बनने पर शाला प्राचार्य अशोक कुमार मिस्त्री ने छात्रों एवं शाला के शिक्षकों को बधाई दिया। इस अवसर पर मुरतोंडा शाला के सभी छात्रों के साथ साथ प्राचार्य अशोक कुमार मिस्त्री, प्रधानपाठक उर्मिला बेसरा, शिक्षक कट्टम देवा, हपका रामबाबू, जनकी साहु, सहा. ग्रे. सुरेखा नेताम , भृत्य श्याम सुन्दर बघेल , स्वच्छक जीडो संकुल सम्वयक कुलेश्वर साहु उपस्थित थें।

### ग्राम देवरपल्ली हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम घोषित



**सुकमा,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के विकासखण्ड कोंटा के ग्राम पंचायत गौरगुण्डा के आश्रित ग्राम देवरपल्ली में हर घर जल प्रमाणीकरण के लिए ग्राम में जल सभा दौरान ग्राम पंचायत गौरगुण्डा के सरपंच को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड कोंटा का दूसरा हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम गौरगुण्डा को घोषित किया गया हैं।

कार्यक्रम में अध्यक्षता रहे ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती लक्ष्मी पूनेम की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उप अभियंता श्री रितेश पैकरा एवम् जिला क्षमता विकास एवं ट्रेनिंग समन्वयक अरुण सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। जल जीवन मिशन के तहत प्रदत्त पाईप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने के लिए कहा साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बाहिनी, पंप ऑपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक अजीत पोटाई द्वारा जल जीवन मिशन में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को विस्तार से समझाया गया। साथ ही गांव के सभी लोगो को संचालन एवम् जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस मौके पर गांव के प्रमुख पटेल, जल बहिनी गणमान्य नागरिक, विभाग के अधिकारी एवम कर्मचारी उपस्थित थे।

### 1 ईनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसर्मपण



**सुकमा,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, श्री विकास कठेरिया, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग-दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा एवं श्री सुरेन्द्र सिंह, कमाण्डेन्ट 231 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन तथा श्री मुनीश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 231 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्स.ऑप्स सुकमा, एवं श्री परमेश्वर तिलकवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ शासन की ÷छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति÷ एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ÷पूना नर्कोम अभियान÷ नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में सक्रिय महिला नक्सली सदस्या माड़वी सोमड़ी पति सन्ना (सीएनएम सदस्या) निवासी चिंगावरम थाना गादीरास जिला सुकमा के द्वारा आज दिनोंक 30.12.2023 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में श्री उत्तम प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाईटर सुकमा एवं उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, 231 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया।आत्मसमर्पित महिला नक्सली के विरूद्ध थाना गादीरास में 15/14 धारा 147,148,149,427,435 भादवि 25-27 आर्म्स एक्ट के प्रकरण में श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा 3000/- तीन हजार रूपये का ईनाम पूर्व से उद्घोषित था।आत्मसमर्पित महिला नक्सली को शासन के नक्सलवाद उन्मूलन निती के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएँ प्रदाय किया जायेगा।

## एक नजर

### न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**महासमुंद,1 जनवरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बताया कि छग उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बेमचा स्थित जिला जेल महासमुंद का जिला न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय द्वारा उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में बंदियों को विधिक सहायता, जेल बिल्डिंग की अवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, बंदियों को प्रदत्त सुविधा, टायलेट की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, मनोरंजन के साधन, बंदियों के कपड़ों की दशा, पेयजल की व्यवस्था की जांच की गई तथा जेल अधीक्षक उत्तम पटेल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत छग उच्च न्यायालय द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार स्टे्टस रिपोर्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा प्रस्तुत की जाएगी

### धान के अवैध परिवहन पर की कार्रवाई



**महासमुंद,1 जनवरी।** ओड़ीशा से अवैध तरीके से लाए जा रहे धान पर एक बार पुनः सख्ती बरतते हुए लगातार कार्रवाई जारी है। ईसी तारतम्य में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर शुक्रवार को देर रात और शनिवार को तहसीलदार ममता ठाकुर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम टुहलू थाना के आगे 350 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर गाड़ी सहित धान को जब्त कर थाना में सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि रात में धान से भरी वाहन ओडिशा से गरियाबंद की ओर जा रही थी। इसी तरह ग्राम भदरसी में रोशन लाल के बाड़ी में 316 कट्टा धान जब्त किया गया। पूछताछ करने पर बताया गया कि उक्त धान ओडिशा का है। जिसे पंचनामा कर जब्ती बनाया गया। उल्लेखनीय है कि ओडिशा सीमा से लगे अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि धान के अवैध परिवहन व भंडारण पर कड़ी कारवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

### शराब की अवैध बिक्री तथा मदिरा दुकानों की सतत जाँच व निगरानी के निर्देश



**महासमुंद , 1 जनवरी।** गत दिवस कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री मोहित जायसवाल द्वारा जिले के समस्त आबकारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गयी। बैठक में आबकारी राजस्व की सुरक्षा तथा आबकारी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही बाबत कड़े निर्देश दिये गये।शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाये जाने हेतु क्षेत्र में लगातार छापेमारी करने तथा पुलिस विभाग से आवश्यक समन्वय कर संयुक्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। 31 दिसंबर तथा नववर्ष पर मदिरा के अवैध संव्यवहार पर रोक लगाये जाने हेतु कड़ी चौकसी रखने तथा होटल ढाबों की जाँच हेतु निर्देश दिये गये सभी प्रभारी अधिकारियों को मदिरा दुकानों की सतत जाँच कर निगरानी रखने के निर्देश दिये गये। मदिरा दुकानों में ओवर रेट, मिलावट तथा निर्धारित विक्रय सीमा से अधिक मात्रा में मदिरा विक्रय करते पाये जाने पर जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए सेवा से निष्कासित कर ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त बैठक में सहायक जिला आबकारी अधिकारी तथा समस्त वृत्त प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

### संविधान विषय पर टेस्ट आयोजित, 134 परीक्षार्थी हुए शामिल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन हुआ। अकादमी के जिला समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट पेपर संविधान का हुआ। चौथा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 103 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 31 परीक्षार्थियों कुल 134 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन 07 जनवरी 2024 को अर्थशास्त्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण का टेस्ट आयोजित होगा।

वेद व्यास पर विराजे आचार्य सत्यनारायण महाराज

# श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से समता की धरा होगी पावन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 1 जनवरी।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से समता की धरा अब पावन होगी,भागवत कथा वाचन करने यहा पं.सत्यनारायण शास्त्री आये हुये है,उनके द्वारा लगातार सात दिनो तक भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। आचार्य सत्यनारायण महाराज अपने सहपाठियो के साथ दिन सोमवार से भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरूवात करेंगे। भागवत कथा का आयोजन सुरेश कुमार रजत कुमार मित्तल द्वारा कराया जा रहा है। समता स्थित विशाल शामियाने मे लगातार 7 दिनों तक भागवत ज्ञान यज्ञ की धरा श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति से सरोबार करायेगी। दोपहर पश्चात 3 बजे से शुरू होने वाली भागवत कथा



संध्याकालीन 6 बजे तक आयोजित की जायेगी। इससे पूर्व आज मित्तल परिवार के अलावा दर्जनो महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकालकर भागवत कथा कि शुरूवात की जा रही है। आयोजक रजत मित्तल ने बताया कि दिन सोमवार से भागवत कथा की शुरूवात होकर 8 जनवरी दिन सोमवार पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ भंडारा एवं संध्याकालिन श्याम संध्या का आयोजन किया गया है। ब्यासपीठ पर भागवत कथा का वाचन करने आये पं.सत्यनारायण शास्त्री ने बताया कि श्रीमद भागवत परम सत्य की अनुभूति एवं कालभय से मुक्त कराने वाला ग्रंथ है,इसके श्रवण से मोक्ष प्राप्त होता है,उनका कहना था कि श्रीमद भागवत प्राणी की सतकामनाओ को पूर्ण करते हुये मृत्यु को मंगलमय बनाने मे विशुद्ध प्रेम शास्त्र का काम करता है,यह ग्रंथ नर को नारायण से जोडने मे एक सेतु की तरह काम करता है।।

कृष्ण की बाल लीलाओ का होगा चित्रण-पं.सत्यनारायण शास्त्री ने बताया कि भागवत कथा के दौरान सात दिन कृष्ण की लीलाओ का वर्णन होगा। 01 जनवरी दिन सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरूवात होगी। 2 जनवरी दिन मंगलवार को मनु कर्दस संवाद,श्रीकपिल गीता,3 जनवरी दिन बुधवार को नृसिंह अवतार,04 जनवरी दिन गुरूवार को श्री कृष्ण जन्म,05 जनवरी दिन शुक्रवार को गोवर्धन लीला,06 जनवरी दिन शनिवार को श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह,7 जनवरी दिन रविवार को सुदामा चरित्र एवं 8 जनवरी दिन सोमवार को गीता पाठ,तुलसी वर्षा,हवन एवं प्रसाद का वितरण के साथ श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया है,जिसमे सुरजगढ से हजारी लाल इंदौरिया एवं राजेश शर्मा बाबा की अरदास लगाने यहा मौजुद रहेंगे।।

## योजनाओं का लाभ दिलाने झालखमहरिया में लगा जनमन शिविर

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजातियों को शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की जा रहे है। पोषण चौपाल व शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने उनके घर तक पहुंचकर जागरूक करने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला पारा एवं घर द्वार तक पहुंच कर बड़ी सरलता एवं आत्मीयता से विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत करा रहे हैं।

कलेक्टर प्रभात मलिक ने शासन की मंशानुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं। ताकि, चिन्हांकित सभी



विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूहोंह्व (पीवीटीजी) समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर उन्हें लाभ प्रदान कराया जा सके व योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाई जा सके।

इसी कड़ी में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम झालखमहरिया में जनपद सीईओ एवं डिप्टी कलेक्टर मिशा कोशले और तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई ने कमार परिवारों के घर जाकर उनसे जानकारी ली। उनकी समस्याओं से अवगत होकर संबंधित योजनाओं का लाभ लेने कहा। साथ ही शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया। ज्ञात है कि शिविर में ग्राम झालखमहरिया, गौरखेड़ा, साल्हेभाठा और मोंगरा के कमार परिवार शामिल हुए। इसी तरह सहायक आयुक्त आदिमजाति विकास शिल्पा साय द्वारा इन गांवों में पहुंच कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वीडियों के जरिए समझाया गया।

### जिले में आयोजित 121 संकल्प शिविरों में एक लाख से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

**धमतरी, 1 जनवरी।** कलेक्टर ऋ्रतुराज रघुवंशी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गत 16 दिसंबर से जिले के चारों विकासखण्डो में लगातार संकल्प शिविर लगाये जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा उपस्थित लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा बारिकी से दी जा रही है और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। धमतरी जिले के 4 विकासखंडो में 16 दिसंबर से 30 दिसंबर तक कुल 121 शिविर आयोजित किए गए है, जिनमें नगरी में 32, कुरूद में 39, मगरलोड और धमतरी में 25-25 शिविर लगाये गये हैं। इन शिविरों में जिले के एक लाख 562 लोगों ने हिस्सा लेकर शासन की योजनाओं का लाभ लिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, केसीसी सहित अन्य योजनाएं शामिल है, जिनका भरपूर लाभ हितग्राही उठा रहे है।

अब तक लगे संकल्प शिविरों में 887 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया।

किलकिलेश्वर धाम में पहुंचेगे श्रद्धालु

## मैनपाट का पैराग्लायडिंग,कोतईबिरा की ईब होगा पिकनिक का मुख्य केन्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 1 जनवरी।** नया वर्ष 2024 का स्वागत को लेकर पिकनीक स्पॉट मे भीड बढने लगी है। शहर से लगे अनेक पिकनीक स्पॉट पर लोगो की भीड जमा होगी,इस मर्तबा मैनपाट मे पिकनीक मनाने आने वालो की काफी भीड पहुंच चुकी है,यहा की पैराग्लायडिंग,घुडसवारी एवं तिब्बतीयों के मंदिर एवं उनके कैंप आने वाले लोगो को स्वतः ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। मैनपाट शरणार्थी तिब्बतीयो के लिए बसाया गया था,यह स्थान समुद्र तल से लगभग 19सौ मीटर की उंचाई पर बसा है। घनघोर जंगलो को काट कर पहाड के उपर बसाया गया मैनपाट मे गर्मी के दौरान भी ठंड का एहसास होता है,यहा बसे शरणार्थी तिब्ती कई कैंपो मे बसे हुए है,यहा तिब्तीयो के धर्म अनुसार कई बौध मंदिर है,जिनकी सुंदरता देखते ही बनती है। यहा का टाईगर पाइंट पर बना झरना आकर्षक का प्रमुख केन्द्र है,यहा का उल्टा पानी नामक जगह का रहस्य आज भी बरकरार है,जिसके शोध मे कई वैज्ञानिक जुटे है। बताया जाता है कि पानी के साथ-साथ न्यूटल मे खडी चार चक्का वाहन भी बगैर स्टॉट किये ही घाट की ओर बढने लगती है,जिसे देखकर यहा पहुंचने वाले लोग दांतो तले उंगली दबा लेते है। वर्तमान मे मैनपाट को सौंदर्य के हिसाब से काफी



विकसित कर दिया गया है,यही कारण है कि नये साल के आने से पूर्व ही यहा के अधिकांश होटल एवं रिसोर्ट शैलानियों द्वारा बुक करा लिये जाते है।।

### जिले के लोगो की पहली पसंद कोतईबिरा

शहर से लगभग साठ किलोमीटर की दूरी पर ईब नदी के किनारे बसा कोतईबिरा धार्मिक प्रर्यटन स्थल छत्तीसगढ के नक्शे मे अपनी कोई खास पहचान तो नही बना पाया,परंतु यहा की सुंदरता छत्तीसगढ के अलावा उडीसा के लोगो को भी काफी रास आती है। यहा भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर स्थापित है,मंदिर के बाजु से ईब नदी पूरे सबाब के साथ कल कल कर बहती हुयी लोगो के लिए काफी रोमांचक दृश्य प्रस्तुत करती है। विशालकाय चटटानो को चिरती हुयी बहती यह नदी सोना मिलने के लिए भी प्रसिद्ध मानी जाती है,बताया जाता है कि यहा पांडवो का इतिहास छुपा है,पहाड के उपर गुफा एवं कपाल द्वार है,जहा पांडव पुत्र माता कुंती के साथ अपना अज्ञातवास बिताये थे। यह क्षेत्र और भी पुरानी क्रिदंतियो को लेकर ख्याति प्राप्त है। यहा प्रत्येक वर्ष लाखो की संख्या मे पिकनीक मनाने छत्तीसगढ एवं उडीसा के लोग पहुंचते है।।

### किलकिला का पिकनिक स्पॉट होगा गुलजार



धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाने वाला मांड नदी के किनारे बसा किलकिलेश्वर धाम मे भी पिकनीक मनाने वालो की भीड जमा होगी। इसके लिए यहा के व्यवस्थापको द्वारा मांड नदी के घाटो की साफ सफाई करा दी गयी है। यह हमेंशा से धार्मिक स्थल के नाम से जाना जाता है,यहा बने सभी समाज के मंदिर लोगो को यहा आने के लिए अपनी ओर आकर्षित करते है,मांड नदी पर बना एनिकेट भी सुंदरता का प्रर्याय है। इसके अलावा यहा प्राकृतिक सौंदर्य की भी कमी नही है।

### मंगरेलगढ है मांड नदी का उदगम स्थल



शहर से 40 किलोमीटर दूर पूर्व मे बसा मंगरेलगढ सिद्ध शक्ति पीठ मां जगत जननी का निवास स्थल है,यह स्थान मांड नदी का उदगम स्थल कहलाता है,यहा भी चारो तरफ प्राकृतिक सौंदर्य भरा है,प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी को जशपुर-रायगढ एवं सरगुजा से लोग यहा आकर पिकनीक मनाने का लुफ्त उठाते है। बताया जाता है कि रियासत काल मे मंगरेलगढ की मां जगत जननी सरगुजा नरेश को स्वप्न मे दर्शन देकर यहा प्रगट हुयी थी,तब से इसे सिद्ध शक्ति पीठ के नाम से जाना एवं पूजा जाता है।

## मेकाहारा में सुरक्षाकर्मियों के बीच वेतन को लेकर भेदभाव

**रायगढ़, 1 जनवरी।** मेडिकल कालेज अस्पताल में तैनात स्थानीय सुरक्षाकर्मियों के बीच हो रहे भेदभाव को लेकर कर्मचारियों में असंतोष पनपने लगा है। क्योंकि प्लेसमेंट कंपनी द्वारा स्थानीय गार्डो को कम वेतन दिया जाता हैए तो वहीं दिगर प्रांत से आकर नौकरी करने वाले गार्डो को वेतन तो ज्यादा दे ही रहे हैं, साथ ही उनको रहने और खाने की भी सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शासन के नियमानुसार शासकीय विभागों में ड्यूटी करने वाले गार्डो को कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाता है, लेकिन प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा इनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। जिससे स्थानीय कर्मचारियों को मात्र आठ हजार रुपए तथा दिगर प्रांत से आकर नौकरी करने



वालों को रहने, खाने के साथ 10 हजार रुपए महिना दिया जा रहा है। जिसको लेकर कर्मचारियों में आक्रोश पनपने लगा है। हालांकि प्रदेश में स्थानीयता को लेकर राजनीतिक पार्टियों द्वारा तरह.तरह के दावे भी किए जा रहे हैं, लेकिन ये दावे सिर्फ घोषणाओं में रहकर सिमट जा रही है। वहीं जानकारों की मानें तो यहां मेडिकल कालेज अस्पतालए जिला अस्पताल व एमसीएच में एक ही प्लेसमेंट कंपनी के गार्ड नौकरी करते हैं, जिससे इनकी संख्या दिन-रात मिलाकर करीब 110 है, जिसमें ज्यादातर दिगर प्रांत के कर्मचारी है।

साथ ही प्लेसमेंट कंपनी के संचालक द्वारा मेडिकल कालेज अस्पताल में बने बर्न यूनिट खाली होने के कारण इसको गार्डो के लिए हास्टल बना दिया गया है, जिसमें दिगर प्रांत के गार्ड रहते हैं। साथ ही इनके द्वारा यहां शराब खोरी भी किया जाता है, जिससे उपचार कराने आने वाले मरीज के परिजन भी खुद को असहज महसूस करते हैं। वहीं इस बात को लेकर कई बार शिकायत भी हो चुकी है, लेकिन इसके बाद भी प्लेसमेंट कंपनी द्वारा खाली नहीं कराया जा रहा है। इस संबंध में अस्पताल के सूत्रों की मानें तो मेडिकल कालेज अस्पताल में रात के समय ड्यूटी करने वाले गार्ड ज्यादा नशे में होते हैंए जिससे हमेशा विवाद की भी स्थिति बनती हैए वहीं पूर्व में कई बार मारपीट की शिकायत थाने तक भी पहुंच चुकी है, लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था में कुछ बेहतर बदलाव होता नजर नहीं आया है। स्वास्थ्य कर्मी भी है परेशानजानकारी के अनुसार दिगर प्रांत से आकर सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने वाले व स्थानीय युवाओं में किसी न किसी बात को लेकर हमेशा विवाद की स्थिति बनती हैए साथ ही कई बार किसी न किसी बात को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों से भी विवाद हो जाता है। जिसकी शिकायत भी लगातार होती रहती है। मेकाहारा, जिला अस्पताल व एमसीएच में कुल 110 गार्ड काम करते हैं, जिससे सभी को प्रतिमाह आठ हजार रुपए वेतन दिया जाता है। जहां तक अस्पताल में रहने की बात है तो अब सभी को खाली करा दिया गया है।

## समाचार संक्षेप

### वन विभाग ने अवैध रूप से लकड़ी ले जाते हुए पिकअप वाहन को पकड़ा




**रायगढ़, 1 जनवरी।** जिले में एक बार फिर वन विभाग की टीम ने लकड़ी तस्करों के मंसूबों को नाकामयाब करते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिसमें देर रात लकडियों से भरे पिकअप वाहन को ज़ब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान तस्करी में संलिप्त लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। इस मामले में वन विभाग द्वारा आगे की विधिसम्मत कार्यवाही की जा रही है। यह पूरा मामला रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र के छाल रेंज का है। जहां शनिवार की देर रात वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग सफेद रंग की बोलेरो मैक्सी पिकअप से लकडियों की तस्करी के फिराक में हैं। जिसके बाद छाल रेंजर एम एस मर्सकोले के दिशा-निर्देश पर तत्काल विभागीय टीम मौके पर पहुंची और कुड़ेकेला परिसर क्षेत्र में घेराबंदी कर लकडियों से लदे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 बीसी 8469 को पकड़ा।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में पीओआर नंबर 8182.6 दिनांक 31 दिसंबर दर्ज कर आवश्यक जांच शुरू कर दी गई है। पिकअप से 6 नग साल प्रजाति का लकड़ी बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित मात्रा 1ण्3 घनमीटर बताई जा रही है। बता दें कि नए साल के ठीक पहले लकड़ी तस्करी की इस वारदात को भले ही वन विभाग नाकाम करने में सफल रही है लेकिन इस मामले में एक बात निकलकर सामने आ रही है जिसके मुताबिक संबंधित क्षेत्र के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अधिकारी मुख्यालय से अक्सर नदारद रहते हैं। जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई के दौरान भी वे हेडक्वार्टर पर उपस्थित नहीं थे। ऐसे में वर्तमान स्थिति को देखते हुए तस्कर अधिकारी की गैरमौजूदगी का फायदा उठा सकते हैं। अलावा इसके संबंधित अधिकारी का मुख्यालय से गायब रहना ड्यूटी में लापरवाही को भी दर्शाता है।

### जनमन योजना का लाभ देने बिरहोर परिवारों तक पहुंच रहा प्रशासन



**रायगढ़, 1 जनवरी।** प्रधान मंत्री जनमन योजना का लाभ देने प्रशासन जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों तक पहुंच रहा है। उन्हें आवास, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसी बुनियादी सुविधाओं सहित शासन की अन्य सभी योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़ने की पहल चल रही है। इसके लिए रायगढ़ जिले के सभी बिरहोर बहुल गांवों को चिन्हांकित कर वहां प्रशासन की संयुक्त टीम सर्वे अभियान चला रही है। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेंदर यादव तमनार ब्लॉक के हिंझीर, कचकोबा और कोडकेल के निरीक्षण में पहुंचे। यहां पीएम जनमन योजना के शिविर लगाए गए हैं। सीईओ श्री यादव ने यहां योजना के क्रियान्वयन की स्थिति जानी। पंचायत स्टाफ द्वारा बताया गया कि इन गांवों में बिरहोर समुदाय के 48 परिवार के 158 व्यक्ति निवासरत हैं। आवास योजना के तहत 19 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया है। बाकी शेष परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। सीईओ श्री यादव ने चिन्हांकित लोगों के आवास से जुड़ी प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं यहां राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जाति प्रमाण पत्र निर्माण की भी समीक्षा की। सभी पंचायतों में इसके लिए कैंप लग रहे हैं और ऐसे बिरहोर व्यक्ति जो इन योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं उन्हें योजना का लाभ देने के लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सीईओ श्री यादव ने जन्म प्रमाण पत्र निर्माण के लिए अस्पताल से जानकारी लेकर कार्यवाही पूरी करने के निर्देश एसडीएम तथा सीईओ जनपद को दिए। उन्होंने कहा कि अगले 3 दिन में प्रगति दिखनी चाहिए। इस मौके पर सीईओ तमनार श्री विरेन्द्र सिंह राय सहित पंचायत और राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मॉडिफाई साइलेंसर लगे बुलेट चालकों से वसूला पांच हजार जुर्माना



**रायगढ़, 1 जनवरी।** इन दिनों युवाओं के बीच बुलेट में मॉडिफाई साइलेंसर लगाने का क्रेज बढ़ा है, लेकिन लगातार हो रही कार्रवाई व भारी भरकम जुर्माने की डर से कुछ लोग निकलवाने भी लगे हैं, लेकिन इस बीच पुलिस ने तीन वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई की है।उल्लेखनीय है कि त्योहारों के समय युवा मॉडिफाई साइलेंसर लगे वाहनों में फर्राटेदार तेज गति से वाहन चलाते हुए शहर की सडक़ों पर आसानी से भ्रमण करते देखे जाते हैं। जिससे होने वाली ध्वनी प्रदूषण से लोगों को ज्यादा दिक्कत होती है। जिसको देखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा बीच-बीच में अभियान भी चलाया जाता है। ऐसे में शनिवार को ट्रैफिक डीएसपी रमेश चंद्रा के नेतृत्व में ट्रैफिक टीआई रोहित बंजारे व उनकी टीम द्वारा शहर के विभिन्न चेक पॉइंट पर मॉडिफाई साइलेंसरए ट्रिपल सवारीए ड्रिंक एंड ड्राइव पर निकले वाहन चालकों की जांच शुरू की थी। इस दारौन बुलेट वाहन में मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर चलाते पकड़े गये 03 बुलेट वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पांच-पांच हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही तीनों वाहनों में लगे हुए मॉडिफाई साइलेंसर को जप्त कर ओरिजिनल साइलेंसर लगाने के उपरांत की वाहनों को छोड़ा गया।

**बुजुर्गो को ज्यादा होती है समस्या-** गौरतलब हो कि बुलेट वाहन में लगे मॉडिफाई साइलेंसर वाली बाइक को युवाओं द्वारा शहर की सडक़ों पर तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाया जाता हैए जिससे कई बार उसके आवाज से अन्य बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिर भी जाते हैं। साथ ही बीच-बीच में छुटने वाले पटाखे से बुजुर्ग व बीमार व्यक्तियों को काफी दिक्कत होती है। जिसको लेकर पुलिस द्वारा बीच.बीच में अभियान चलाया जाता है। हालांकि लगातार कार्रवाई के बाद अब इनकी संख्या काफी कम हुई है, लेकिन कुछ दिनों तक जांच बंद होने के बाद इनकी संख्या बढने लगती है। ऐसे में यातायात पुलिस का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगी।

# 17 वें राष्ट्रीय गणित महासम्मेलन में विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का रहा जलवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 1 जनवरी।** खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 30 व 31 दिसम्बर 2023 को दो दिवसीय ÷17वाँ नेशनल मैथ्स कन्वेंशन÷ के ऐतिहासिक आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों ने गणित व विज्ञान से संबंधित आकर्षक मॉडलों का शानदार प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, तमिलनाडु, केरल, मध्य प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से आए प्रतिभावान विद्यार्थी अपने-अपने मॉडल का बहुत ही शानदार ढंग से प्रदर्शन किया। जितने भी दर्शक थे सब उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे थे।

आज प्रथम दिवस का यह कार्यक्रम बहुत ही रोचक था कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़, विशेष अतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाजपा, ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा एवं संदीप गोयल ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि सहित अन्य अतिथियों का मंच पर पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया।

विभिन्न राज्यों से आए वैज्ञानिकों गणितज्ञों दार्शनिकों ने बहुत ही सुंदर ढंग से अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विषयों की गूढ़ जानकारी साझा करके कार्यक्रम को और रुचिकर बना दिया। ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब के चेयरमैन चंद्रमौलि जोशी ने गणित की समस्या के निवारण संबंधी बातों की जानकारियाँ दी। डॉ गौरव टेकरीवाल ने वैदिक गणित की सहजता के बारे में रोचक जानकारियाँ दीं। इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ दिलीप भट्ट जी ने विज्ञान से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ दीं।



जहाँ एक ओर आज के इस कार्यक्रम के प्रथम भाग में देश के विभिन्न राज्यों से आए बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने अपने-अपने विचारों की अभिव्यक्ति देकर लोगों को अचंभित कर दिया, वहीं कार्यक्रम के द्वितीय भाग सांस्कृतिक संध्या ÷संस्कार÷ में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भव्य रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर के दर्शकों का मन मोह लिया। गणेश, छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य झाँकी पर बच्चों ने नृत्य करके लोगों का मन मोह लिया। हनुमान चालीसा पर नृत्य की प्रस्तुति देकर बच्चों ने खूब तालियाँ बटोरी तो ÷दि जर्नी ऑफ वूमेन÷ पर नाट्य प्रस्तुत कर बच्चे खूब वाहवाही लूटने में पीछे नहीं रहे।

बाहर से आए आगंतुकों के ठहरने तथा उनके खान-पान की उत्तम व्यवस्था विद्यालय प्रांगण में ही की गई थी। गत वर्ष खेल, शिक्षा, गायन, वादन, कला आदि विभिन्न क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंच पर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़, ने अपने संबोधन में शिक्षा की अहमियत और वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता पर बल देते हुए अपने विचार प्रकट किए। इसी कड़ी में विशेष अतिथि शिवरतन शर्मा ने भी विद्यार्थियों को भारतवर्ष का उज्जवल भविष्य बताते हुए शिक्षा के साथ-साथ इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे- खेल, नृत्य, संगीत, गायन, वादन पर भी सदैव अग्रणी रहने का निर्देश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम बहुत ही सुनियोजित तथा अनुशासित था।

इस कार्यक्रम में प्रबंधक अश्विनी शर्मा-नेहा शर्मा एवं संदीप गोयल-अर्चना गोयल, ध्रुव कुमार तिवारी डायरेक्टर दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल इंदौर, चंद्रमौलि जोशी चेयरमैन ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब, बी एन राव मैथ्स गुरु ऑफ़ इंडिया, डॉ राजेश कुमार ठाकुर ग्रेट इंडियन मैथमेटिशियन, दिलीप भाई भट्ट पूर्व इसरो वैज्ञानिक, डॉ जे जे रावल भारतीय वरिष्ठ वैज्ञानिक, सुनील वांगड़े राष्ट्रीय अध्यक्ष हर घर बाल कलाम, साइटिस्ट, ब्रिगेडियर एमएन कदापति इंडियन मैथमेटिशियन, के के दीक्षित प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ओरिगामिस्ट गणितज्ञ व दार्शनिक, डॉ सी के घोष प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री, कोलोनल आर रामाराव आर्मी ऑफिसर, अश्विनी कुमार गर्ग एनसीईआरटी प्रोफेसर दिल्ली, गौरव टेकरीवाल फाउंडर एंड प्रेसीडेंट ऑफ़ वेदिक मैथ्स फोरम, एमएन सिंह प्रोग्राम कन्वीनर छत्तीसगढ़, प्रधानाचार्य डीडब्ल्यूपीएस योगेश पोपट समस्त शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एक नजर

### हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव साय रविवार को पहली बार जिला बलौदाबाजार – भाटापारा पहुंचे। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम सेम्हराडीह हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का प्रभारी कलेक्टर नम्रता जैन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, डीएफओ मयंक अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री साय स्व शंकर लाल बघेल स्मृति सभा स्थल में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के 6वे अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### कामगारों की पदोन्नति के लिए प्रयास

**कोरबा, 1 जनवरी।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में काम करने वाले कामगारों की पदोन्नति के लिए एसईकेएमसी जोरदार प्रयास कर रहा है। आईआर बैठक में इस मामले को जोर शोर उठाया गया। छंद राम राठौर जीवराखन चंद्रा अनिल राठौर, शिशु पाल केंवट, राम कुमार चंद्रा, दशरत साहू, सहदेव जाटवर, ने कहा कि अनेको कर्मचारी पदोन्नति की राह देख रहे है। समय पर पदोन्ति नहीं होने से किनके वेतन पर असर पड़ता है। इसी तरह मोटर साइकिल व साइकल स्टैड को व्यवस्थित करने की मांग की गई। जिसमें कहा गया कि वाहन चालको को वाहन खड़ी करते समय परेशानी होती है। सभी शौचालयों में पानी की आपूर्ति लगातार किए जाने की जरूरत है। कई बार पानी नही होने से कामगार परेशान हो जाते है। पेयजल के लिए सुलभ व्यवस्था होनी चाहिए।

### एचएमएस का सम्मेलन नागपुर में

**कोरबा, 1 जनवरी।** एसएमएस का राष्ट्रीय सम्मेलन नागपूर में 3 जनवरी से आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय नेता नाथूलाल पाण्डेय के अलावा कई बड़े बड़े नेता शामिल होगें। कोरबा जिले से रेशम लाल यादव, गिरजा साहू, शेख चांद मंशूरी, अरूण झा, मिलन पाण्डेय, बीएल पनका, ए.विश्वास, सुरेन्द्र मिश्रा, अजीत पाण्डेय बलराम साहू के अलावा अन्य कार्यकर्ता शामिल होगें।

### साहू समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करेगा

**कोरबा, 1 जनवरी।** साहू समाज के द्वारा बिलासपुर में आज युवक–युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव को आमंत्रित किया गया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री अमर अग्रवाल मौजूद रहेगें। अतिथि के रूप में कोरबा साहू समाज के जिलाध्यक्ष गिरजा साहू को भी आमंत्रित किया गया है। जबकि इधर कल कोरबा चेक पोस्ट के निकट साहू समाज की बैठक होगी। राजीव महोत्सव में जाने एवं युवक–युवती परिचय सममेलन पर चर्चा होगी। जानकारी दिनेश साहू ने दी है।

### परिवहन विभााग ने की दस बसों पर पेनाल्टी की कार्रवाई, एक जब्त

**कोरबा, 1 जनवरी।** फिटनेस जांच कराए बगैर चल रहे दस बसों पर पेनाल्टी के साथ बिना परमिट के संचालित हो रहे एक बस को परिवहन विभाग के उड़न दस्ता की टीम ने शनिवार को जब्त कर लिया है। शहर के नया बस स्टैंड में की गई इस कार्रवाई से बस मालिकों में हड़कंप मच गया है। परिवहन नियमों की अवहेलना करते हुए संचालित होने वाले यात्री बसों पर नकेल कसने के लिए जिला परिवहन विभााग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को औचक निरीक्षण के लिए परिवहन विभाग के निरीक्षक सुजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मौसमी उतार चढ़ाव के बीच कोहरे की वजह से आगे पीछे चलने वाले कई बार टकरा जाते हैं। ऐसे में अगर वाहनों में रेडियम पट्टी लगी होगी तो प्रकाश में सामने की स्थिति आसानी से नजर आ सकती है। परिवहन नियम का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों पर कार्रवाई की जा रही हैं। बताना होगा कि मध्य प्रदेश के गुना जिले में डंपर से बस की टक्कर की घटना में 13 लोगों के जिंदा जलने से कोहराम मचा हुआ है। इसके साथ ही वाहनों से जुड़ी खामियों को देखने पर रखने और कार्रवाई शुरू कर दिया गया है। अक्सर ऐसा होता है जब किसी इलाके में गंभीर किस्म की घटना होती है तब संबंधित विभाग की नींद टूटती है और वह कार्रवाई में जुटता है। परिवहन विभाग के द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को लेकर कुछ ऐसा ही कहा जा रहा है।

**राज्यपाल रमेश बैस एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन में हुए शामिल**

# समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का जागरूक होना जरूरी:रमेश बैस

## कुर्मी समाज बहुत ही मेहनतकश और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत : मुख्यमंत्री साय

■ **सेम्हराडीह में खुलेगा उप सवास्थ्य केंद्र**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 1 जनवरी।** महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को बलौदाबाजार विकासखण्ड के सेम्हराडीह स्थित स्व शंकर लाल बघेल स्मृति सभा स्थल में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 6 वें अधिवेशन में शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी तथा प्रदेश के महान विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कुर्मी समाज के अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे विष्णु देव साय एवं राज्यपाल रमेश बैस का गजमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर सेम्हराडीह में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम मे अतिथियों के द्वारा 'परिणय पुष्प' और 'अरपा छत्तीसगढ़' पुस्तिका का विमोचन किया गया।



मुख्य अतिथि की आसन्दी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल बैस ने कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाओं को आगे लाना होगा, महिला जागृत होगी तो समाज भी आगे बढ़ेगा। पहले महीलाओ को गृहकार्य तक ही सीमित रखा जाता था लेकिन अब समय बदल गया है और महिलाएं शिक्षित होकर आगे बढ़ रही है और समाज भी उन्हें आगे ला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में कुर्मी समाज का अहम योगदान रहा है। आजादी की लड़ाई से लेकर सभी क्षेत्रों में समाज के लोगों की भूमिका अविस्मरणीय है। बैस ने कहा कि मोदी की गारंटी के साथ प्रदेश सरकार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगी। जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश का विकास होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कुर्मी समाज बहुत ही मेहनतकश, राष्ट्रभक्त होने के साथ इनका आजादी की लड़ाई में भी योगदान है। यह समाज विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत जो भी वायदे किये है उसे जरूर पूरा करेंगे। शपथ लेने के दूसरे दिन ही गरीबो के लिए 18 लाख पक्के मकान की स्वीकृति, दो साल का धान बोनस राशि, महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये देने के लिए राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने कहा कि धान बोनस का भुगतान 25 दिसंम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर किसानों के बैंक खाते में किया गया। तकनीकी समस्या के कारण कुछ किसानों को बोनस राशि का भुगतान नही हो पाया है जिसका शीघ्र निराकरण कर 15 दिन में भुगतान करने के निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। कार्यक्रम को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सरपंच सुनीता वर्मा, मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, राजप्रधान धर्मेन्द्र सरसीहा ने भी संबोधित किया।

नवदंपत्ति को दिए आशीर्वाद- इस अवसर पर परिणय सूत्र में बंधे दो नवदम्पतियों को अतिथियों ने शुभाशीष देकर मंगलमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। नवयुगलों में पुरूषोत्तम वर्मा एवं खुश्बू वर्मा तथा कमलेश वर्मा एवं मेघा वर्मा शामिल हैं।

इस अवसर पर जांजगीर- चम्पा विधायक व्यास कश्यप, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अदिति बाघमार, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, प्रभारी कलेक्टर नम्रता जैन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा सहित समाज के पदाधिकारी एवं बडी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# विधायक गुरु खुशवंत साहेब का आरंग में किया गया स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार में विधायक की शपथ लेने के बाद आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब पहली बार तिल्दा नेवरा पहुंचे।तिल्दा नेवरा सीमा में पहुंचते है अग्रवाल होंडा के पास शिव महापुराण कथा समिति द्वारा उनका स्वागत का शिलशिला प्राम्भ हुआ जो घंटो तक चला पहुंचते ही उनके स्वागत के लिए नगर उमड़ पड़ा। दीनदयाल उपाध्याय चौक में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ और नगर पालिका अधिक लेमीछा गुरु डहरिया तथा पार्षदों ने विधायक का भव्य स्वागत किया उन्हें फूल मलाओ से लाद दिया गया चौक चौराहो में जमकर आतिशबाजी की गई और ढोल-नगाड़े के साथ नगर वालो ने उनका भव्य स्वागत किया।बनिया पारा तिल्दा में

■ **जगह जगह हुआ विधायक का स्वागत, फलों और लड्डुओं से तौले गए**

विधायक को फ्लों से तौला और फ्लों को जनसमूह में वितरण किया गया अग्रवाल आभूषण के सामने समाज सेवी गौरव अग्रवाल द्वारा गुलदस्ता भेट कर विधायक का स्वागत किया

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू, रवि सेन मनोज निषाद, सतीश निषाद, कृष्णा शर्मा, अनिल शर्मा, सुधा चौबे, सुखदेव वर्मा, डाक्टर खुमान वर्मा, पार्षद चन्द्रकला वर्मा, जीतू माधवानी, आदर्श अग्रवाल, लुकराम बघेल, प्रेस क्लब अध्यछ मोती ज्ञानचंदानी, रितेश वाधवा, गौरी शंकर सैनी, गोवर्धन यदु, सत्यम केशरवानी, समाज सेवी गौरव अग्रवाल, आदि भाजपा कार्यकता उपस्थित थे।

### लापरवाह और लोगों को परेशान करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : टंकराम

**बलौदाबाजार, 31 दिसंबर।** नवनियुक्त खेलकूद एवं युवा कल्याण और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा आज बलौदाबाजार पहुंचे. यहां सर्किट हाउस में पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफआनर दिया गया. साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों और पटवारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया. इस दौरान मंत्री टंकराम वर्मा ने पत्रकारों से प्रेसवार्ता कर शासन और उनकी ओर से किये जाने वाले प्राथमिकता पूर्ण कार्यों की जानकारी साझा की. उन्होंने साफशब्दों में अवैध शराब और संलिप्त शराब कोचियों को लेकर चेतावनी दी और कहा कि अवैध शराब, जुए सट्टे का कारोबार करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे, चाहे भाजपा के हो या कांग्रेस के हो अवैध कार्य करने वाले पर कार्रवाई होगी. समाज सुरक्षित रहे, माता बहने सुरक्षित रहे मेरा पहला कर्तव्य है. इसके साथ ही ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को उभारा जाएगा, जो कमी होगी उसे दूर करेंगे. मंत्री वर्मा ने राजस्व विभाग के कामकाज को लेकर कहा कि, अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी पुरस्कृत होंगे और गलत कार्य या किसानों को परेशान करने वाले पर कठोर कार्रवाई होगी. वहीं, स्वयं के बारे में खेल के संबंध में मंत्री वर्मा ने बताया कि बैडमिंटन खेलते हैं और चोट लगने वाले खेलों से डर लगता है. उन्होंने गेड़ी, बाटी, भंवरा और कबड्डी खेलने की बात पर कहा कि, यह छत्तीसगढ़ का पारंपरिक खेल है और ये सब खेले हैं. अधिकारियों के स्थानांतरण पर टंकराम वर्मा ने कहा कि वह हल नहीं है, पहले हम सुधार करेंगे और नहीं माने फिर कार्रवाई होगी.

# फार्म हाउस में चोरी करने और चोरी का माल खरीदने वाले तीन गिरफ्तार

## पलारी पुलिस ने आरोपियों से एलईडी टीवी, इनवर्टर किया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शशांक सिंह के दिशा निर्देश में थाना पलारी के अपराध क्र 610/2023 धारा 457, 380, 411 भादवि के 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया है। आरोपियों के नाम भूपेश वर्मा पिता रामकुमार वर्मा उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड 06 पलारी थाना पलारी, नंदकुमार धीवर पिता दयाराम धीवर उम्र 27 वर्ष साकिन वार्ड 09 पलारी थाना पलारी, कमलेश वमा पिता खम्न वर्मा उम्र 38 वर्ष साकिन वार्ड 06 पलारी थाना पलारी हैं।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना पलारी के अपराध क्रमांक 610/2023 धारा 457, 380 भादवि के प्रकरण में प्रार्थी सुरजीत निवासी पलारी थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, वह यशवर्धन वर्मा के फार्म हाउस में



चौकीदारी का काम करता है, कि 18 दिसम्बर के शाम 7 बजे फार्म हाउस के कमरा में ताला बंद कर अपने घर चला गया था। 19 दिसम्बर की सुबह लाईट बंद करने के लिए वापस आया, तो देखा कि कमरे के अंदर रखे एक नग स्क्ष्ष्ठ ञ्झ्ङ्क स्पिड कान 32 इंच पुरानी किमती 18, 000, एक इनवर्टर पुरानी किमती 12, 000 कुल जुमला किमती 30, 000 को कोई अज्ञात चोर द्वारा आटोमेटिक ताला में लगे दरवाजा को उठा कर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना मिले सुराग अनुसार संदेही भूपेश वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किया, जिसने ञ्झ्ङ्क को नंदकुमार धीवर को 3500 में बेचना एवं इनवर्टर को कमलेश वर्मा को 600 मे बेचना बताया। उक्त के निशानदेही पर प्रकण की मसरूका ञ्झ्ङ्क को नंदकुमार धीवर से एवं इन्वर्टर को कमलेश वर्मा से जप्त किया गया। प्रकरण में धारा 411 भादवि जोडी गई। आरोपीयान को विधिवत गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर नवीन कुर्रे, मोह.अरसद खान, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आरक्षक विष्णु खटकर, चंद्रहास धेनुसेवक का योगदान रहा।

### सड़क बनाने की जगह रेत व गिट्टी उठाने पर विवाद

**कोरबा, 1 दिसंबर।** ग्राम पंचायत नवागांव कला में पुल से पटेल मोहल्ला तक बीएमडब्ल्यू सडक को अन्य स्थान पर बनाने के लिए रखे निर्माण सामाग्री गिट्टी का उठाव ठेकेदार और सीएसईबी द्वारा किया जा रहा। इस पर ग्राम सरपंच और ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। यहां बताना होगा कि ग्राम पंचायत नवागांव कला में नहर पुल से पटेल मोहल्ला पहुंच मार्ग तक बीएमडब्ल्यू रोड बनाने के लिए छह माह पहले सीएसईबी ने ठेका दिया। इसके साथ ही सड़क निर्माण के लिए गिट्टी गिराया गया, इसे ठेकेदार और सीएसईबी के अधिकारी मिलकर उठा रहे थे। ताकि अन्यत्र कार्य कराया जा सके। इसकी भनक ग्रामवासी व सरपंच को लगने पर विरोध जताते हुए सामाग्री को उठाने से रोक लगा दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि गिट्टी उठाने से मना किए जाने पर ठेकेदार ने ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिससें ग्रामवासियों में सीएसईबी और ठेकेदार के प्रति रोष व्याप्त है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला- कोंडागांव (छ.ग.)**

ई-कोर्ट क्र./20231220900016 /अ-2/2023-24

ग्राम- बड़ेकनेरा प.ह.न.-28

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री सुकनाथ कश्यप पिता श्री हरि कश्यप जाति भतरा निवासी बड़ेकनेरा तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव के द्वारा-ग्राम, बड़ेकनेरा में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नंबर 540/1 रकबा 1. 205 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि में से खसरा नंबर 540/1 रकबा 0.243 हे0 भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु नक्शा, खसरा बी-1 रजिस्ट्री बैनामा की छांयाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 8/1/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव

**श्री लक्ष्मी वेंकटेश मंदिर तुलसी में पंचदिवसीय महाभिषेक एवं राम कथा का समापन**

# श्री तिरुपति बालाजी धाम में धूमधाम से मनाया गोदांबा माता उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 1 जनवरी।** श्री लक्ष्मी वेंकटेश मंदिर तुलसी में पंचदिवसीय महाभिषेक एवं पावन राम कथा दक्षिण भारत के विद्वानों के द्वारा गोदांबा मैया का महाभिषेक आज संपन्न हुआ श्रीमज्ज जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य जी महाराज बताया कि गोदाम्बा उत्सव देश के सभी वैष्णव मंदिर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर भगवान रंगनाथ और माता गोदाम्बा का विशेष फूलों से श्रृंगार किया जाता है। दक्षिण देश के बिल्ली-पुत्तुर नगर में संत विष्णु चित्त आल्वार भगवान की फूल-तुलसी से सेवा करते हुए रहते थे। एक दिन जब वे तुलसी के बगीचे की सेवा कर रहे थे तो उन्हें पृथ्वी से अनुपम रूपवती कन्या प्राप्त हुई। पृथ्वी द्वारा दिए जाने के कारण इस कन्या का नाम उन्होंने गोदा रखा। गोदा ने भगवान के साथ विवाह करने का निश्चय किया और भगवान को पति रूप में प्राप्त करने के लिए व्रज गोपियों की तरह धनुर्मास का एक माह का व्रत करके भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में प्राप्त किया। गोदा की तरह जो कन्याएं यह व्रत करती हैं, उन्हें उनके अनुरूप पति प्राप्त होता है।

कथा प्रवक्ता कृष्ण मुरारी जी महाराज ने बताया कि अयोध्या में राम के राजतिलक की तैयारी, कैकेयी के कोप भवन में प्रवेश, राजा दशरथ की मनुहार में तीन वरदान देते हुए श्रीराम




को वनवास की आज्ञा देना, सीता, लक्ष्मण सहित राम का वन गमन और चित्रकूट में भरत मिलाप के प्रसंग के माध्यम से रामायणकालीन पारिवारिक, सामाजिक व राजनीतिक मूल्यों को बताया। उन्होंने कहा कि राम के वनगमन व कोप भवन के घटनाक्रम की जानकारी बाहर किसी को नहीं थी। कैकेयी अपनी जिद पर अड़ी थी। राजा दशरथ उन्हें समझा रहे थे। राम के निवास के बाहर भारी भीड़ थी। लक्ष्मण भी वहीं थे। महल में पहुंचकर राम ने पिता को प्रणाम किया। फिर पिता से पूछा क्या मुझसे कोई अपराध हुआ है। कोई कुछ बोलता क्यों नहीं। इस पर कैकयी बोली महाराज दशरथ ने मुझे एक बार दो वरदान दिए थे। मैंने कल रात वही दोनों वर मांगे, जिससे वे पीछे हट रहे हैं। यह शास्त्र सम्मत नहीं है। रघुकुल की नीति के विरुद्ध है। कैकेयी ने बोलना जारी रखा, मैं चाहती हूं कि राज्याभिषेक भरत का हो और तुम चौदह वर्ष वन में रहो।

## एक नजर

### जैन संत रतनमुनि की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**रायपुर, 1 जनवरी।** स्थानकवासी जैन श्रमण संघ के प्रवर्तक विद्वान जैन संत रतनमुनि की प्रथम पुण्यतिथि इकतीस दिसम्बर को चरोदा स्थित मंगलम में सैकड़ों भाई-बहनों की उपस्थिति में मनाई गई। इस प्रसंग पर डॉ. सतीश मुनि एवं शुक्लमुनि को 'आदर की चादर' से सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकत्र ओमप्रकाश बरलोटा ने दी। इसी तरह पटवा जैन स्थानक, हलवाई लैन में प्रातः सात से आठ एक घंटे तक उपस्थित भाई-बहनों ने एक-ए सामायिक करके जैन संत रतनमुनि को स्मरण किया। यह जानकारी विषय पटवा ने दी।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 1 जनवरी।** सिगरेट पीने के लिए पैसा नहीं देने पर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर रॉड, पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश सोनकर 30 वर्ष प्रोफेसर कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है प्रार्थी लालपुर एचपी पेट्रोल पंप के पास खड़ा था, तभी आरोपी रोहित, राहुल व अन्य प्रार्थी के पास आया और प्रार्थी से सिगरेट मांगे। जिससे प्रार्थी ने नहीं दिया, तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर रॉड, पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 1 जनवरी।** बाजार चौक सिलयारी में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी मनोज शर्मा 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सैलेन्द्र कोसले ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी सैलेन्द्र कोसले 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मनोज शर्मा व दिलेन्द्र यदू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध बियर के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 1 जनवरी।** डीडीनगर पुलिस ने चंगोराभाठा स्थित अशोका मार्ट के पास अवैध बियर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 12 बॉटल बियर जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखाबिर की सूचना पर अशोका मार्ट के पास आरोपी सुभाष चंद्र दास 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 12 बॉटल बियर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### राज्य में कोरोना के अब तक मिले 71 एक्टिव मरीज

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण तेजी से बढने लगा है। राज्य में अब तक 71 मरीजों की पहचान हो चुकी है। 31 दिसंबर को 1160 सैंपलों की जांच की गई थी। इनमें से 8 मरीजों का रिपोर्ट पॉजीटिव मिला है। ये आठ मरीज रायगढ़ जिले के हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आंकड़े जारी करते हुए बतताया कि छत्तीसगढ़ में 1160 सैंपलों की जांच हुई है। प्रदेश की औसत पॉजीटिव दर 0.69 प्रतिशत है। प्रदेश के 1 जिले में कोरोना संक्रमित पाए गए हैं तथा शेष जिलों में आज कोरोना का कोई नया प्रकरण सामने नहीं आया है। लेकिन जिस हिसाब से प्रदेश में पिछले 10 दिनों के दौरान धड़ाधड़ कोरोना के मरीज सामने आ रहे हैं, यह चिंताजनक है। ज्ञात हो कि कोरोना का नया वेरिएंट जेएन-1 का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यह चिंताजनक विषय है कि नया वैरिएंट का प्रवेश छत्तीसगढ़ में हो चुका है। अब तक प्रदेश में नया वैरिएंट को लेकर आमजनमानस में कोई विशेष जागरूकता नहीं है। यही चिंता की बात है, स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेशवासियों को कोरोना को लेकर जारी पूर्व की गाइड लाइनों का सख्ती से पालन करने की अपील कर रहा है। अब जाकर लोगों में थोड़ी जागरूकता आई है और लोग भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने लगे हैं। इसके अलावा एक बार फिर से लोग मास्क लगाकर बाहर निकलने लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग व जानकारों का कहना है कि कोरोना संक्रमण के प्रचार-प्रसार को रोकने का सबसे अच्छा रास्ता यही है कि आम जन मास्क, सेनेटाइजर, हाथों को बार-बार धोने, नाक-मुंह को बेवजह छूने से बचें और ज्यादा से ज्यादा सफाई का ध्यान रखें।

### निधन

### शुभम दुबे



**रायपुर।** 31 दिसम्बर की रात जवाहर दुबे के सुपुत्र डॉ.बैस गली ब्राह्मण पारा निवासी शुभम दुबे उम्र 28 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान ब्राह्मण पारा से मारवाड़ी मुक्ति धाम के लिए आज निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे डॉ. बीरेन्द्र दुबे, प्रदीप दुबे, सुरेन्द्र दुबे, प्रमोद दुबे के भतीजे थे एवं मयंक दुबे के छोटे भाई थे।

# 10 आईएएस अफसरों को पदोन्नति का तोहफा, विशेष सचिव बनाए गए

## सोनमणि बोरा बने प्रमुख सचिव



**रायपुर,1 जनवरी।** 2011 बैच के 10 आईएएस अफसरों को नये साल के पहले दिन राज्य सरकार ने प्रमोशन का तोहफा दिया है। सभी पदोन्नत आईएएस फिलहाल उसी जगह पर पदस्थ रहेंगे। पदोन्नत 10 आईएएस में चार कलेक्टर भी शामिल हैं। मंत्रालय में पदस्थ आईएएस अब संयुक्त सचिव से विशेष सचिव प्रमोट हो गये हैं। जिन अफसरों को प्रमोशन दिया गया है, उसमें संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नीलेश क्षीरसागर, बलौदाबाजार कलेक्टर चंदन कुमार, रायपुर कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, मिशन संचालक एनएचएम भोसकर विलास संदिपान, कोंडागांव कलेक्टर दीपक सोनी, संयुक्त सचिव संजीव कुमार झा, जितेंद्र कुमार प्रबंध संचालक पर्यटन, जनमजेय महोबे कलेक्टर कबीरधाम, रिमिजुयस एक्का कलेक्टर बलरामपुर और जीवन किशोर ध्रुव सचिव लोकसेवा आयोग शामिल हैं। वहीं 1999 बैच के आईएएस सोनमणि बोरा को प्रमुख सचिव प्रमोट हुए हैं। सोनमणि फिलहाल सेंट्रल में हैं, लिहाजा उन्हें प्रोफार्मा पदोन्नति दी गयी है।

## बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कई कलेक्टर निशाने पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 1 जनवरी।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का प्रकाशन फरवरी माह में किया जाएगा। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के पश्चात अब यहां पर प्रशासनिक सर्जरी इसी सप्ताह किया जाना जरूरी है। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार राज्य में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम चल रहा है। बीएलओ सहित एबीएलओ एवं अन्य नोटिफाईड अधिकारी मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम कर रहे हैं। वर्तमान में यह कार्य 8 जनवरी तक चलेगा। ऐसे मतदाता जिनकी आयु 18 जनवरी 2024 को 18 वर्ष हो जाएगी उनका नाम इसमें जोड़ दिया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन फरवरी माह में किया जाएगा।

आयोग ने प्रति तीन माह में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्य प्रत्येक जिले में होता है। जिला निर्वाचन अधिकारी की रिपोर्ट पर कुल मतदाताओं की संख्या का पता चल जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पदभार ग्रहण करने के बाद यहां पर प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी चल रही है। वर्तमान में प्रशासनिक मुखियाओं पर सभी की नजर लगी हुई है। आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है। पुलिस महकमे के मुखिया को बदले जाने की चर्चा है। वे निरंतर अपने कार्यकाल को बढ़वा रहे हैं। इधर वर्तमान वन विभाग के मुखिया भी अपने राजनीतिक आकाओं से मिल रहे हैं। पीसीसीएफ राव के स्थान पर संजय अग्रवाल को नियुक्त करने की चर्चा चल रही है। वर्तमान में पीएससी, श्रम मंडल सहित अनेक शासकीय विभागों में पद रिक्त पड़े हुए हैं।

दिल्ली में बैठे कई आईएएस अधिकारी छत्तीसगढ़ आने के लिए तैयार हैं। प्रदेश में चुनाव के बाद कई भारसाधक मंत्रियों ने अपने-अपने क्षेत्र के कलेक्टरों को हटाने का अनुरोध किया है जिसमें बीजापुर, कोरबा, रायपुर, कांकेर एवं चांपा-जांजगीर के कलेक्टर भी टारगेट पर हैं। बस्तर के अलावा रायपुर के भी संभागायुक्त को हटाए जा सकते हैं।

# नव वर्ष पर महानदी मंत्रालय गुलजार

## मंत्रियों ने भी संभाला कामकाज, दिन भर रही चहल-पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 1 जनवरी।** नए वर्ष में महानदी मंत्रालय में आज काफी चहल-पहल देखी गई। नवनियुक्त मंत्री अपने-अपने विभागों का कार्यभार लेने के लिए मंत्रालय पहुंचे। मंत्रालयीन कर्मचारी तथा अधिकारी एक-दूसरे को बधाई देने के लिए पहुंचे।

सीएम विष्णुदेव साय ने कैबिनेट मंत्रियों को विभागों का आबंटन कर दिया गया है। मंत्रालय में कक्ष का आबंटन भी हो गया है। आज सुबह स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल तथा महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इसके पश्चात उन्होंने अधिकारियों से विभागीय विषयों की जानकारी ली। मंत्रालय में नए वर्ष के उपलक्ष्य पर आज प्रमुख सचिव, सचिव एवं मुख्य सचिव के कमरे में भी चहल-पहल दिखाई दी।

फूलों का गुलदस्ता लेकर अधिकारी एक-दूसरे को बधाई देते रहे। इंद्रावती संचालनालय में भी आज काफी चहल-पहल देखी गई। नव वर्ष के उपलक्ष्य में कर्मचारी संगठन भी काफी सक्रिय रहे।

**मुख्यमंत्री को बधाई देने वालों का तांता:** पहुना स्थित सीएम निवास में आज अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा संगठन के पदाधिकारियों ने भी यहां पर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। निकट भविष्य में निगम मण्डल तथा प्राधिकरणों में नियुक्ति होने वाली है इसलिए यहां पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से मिल रहे हैं।





## मंदिरों में रही भीड़

राजधानी के महामाया, हटकेश्वरनाथ, बंजारी माता सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। राजधानी के अलावा प्रदेश के अन्य ऐतिहासिक मंदिर रतनपुर एवं डोंगरगढ़ सहित अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। राजधानी में आज से अनेक स्थानों पर भागवत एवं अन्य कथा का आयोजन किया जा रहा है। खाटू श्याम मंदिर में भागवत कथा चल रही है। मारुति मंगलम गुढ़ियारी में अनिरुद्धाचार्य की कथा होगी।

## बच्चों को बांटे बेबी किट एवं खिलौने



**रायपुर, 1 जनवरी।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा नववर्ष पर बाल मुस्कान सेवा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खोखोपारा में एक दिन से लेकर एक माह तक के बच्चो को बेबी किट एवं लगभग एक वर्ष तक के बच्चों को खिलौनो वितरित किए गए। संस्था के राजेन्द्र ओझा ने बताया कि नववर्ष के पहले ही दिन एवं हृषीक के जन्मदिन पर अनेकों बच्चों के चेहरे पर मुस्कान के उद्देश्य से नवजात बच्चो के परिजन सुधा देवांगन, सोनी सिंह, सरिता कुम्हार, मिथिलेश प्रजापति आदि को बेबी किट एवं एक वर्ष तक के बच्चे सरिता, रंजीता, सुकन्या, प्रीति आदि को खिलौने वितरित किए गए। इस उपहार को लेकर समस्त परिजनों ने खुशी व्यक्त की। यह कार्यक्रम में अस्पताल की प्रभारी डॉ. स्मृति देवांगन, डॉ. रवि शुक्ला, एस. जी. ओक, शंकरलाल जी अग्रवाल, चतर सिंह सलूजा, जे. एन. अग्रवाल, डी. के. पात्रिकर, डॉ मृणालिका ओझा, निलेश अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, मुकेश भाई शाह, सी. पी. आर. नायडू, अश्विन भाई बाटविया, जी. पी. अखिलेश, आदित्य नाथ सोनी, लालिमा साहू, संगीता मिश्रा, रौशन बहादुर सिंह, व्ही के महालया, अर्चना कृष्ण भूषण प्रसाद, हेमिन साहू, श्रद्धा सेन्द्रे, खोमिन देवांगन आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

# गणतंत्र दिवस के लिए छत्तीसगढ़ की झांकी को हरी झंडी का इंतजार

## गृह मंत्रालय के निर्देश पर बनानी होगी झांकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 1 जनवरी।** गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ नई दिल्ली में निकाली जाने वाली झांकियों के लिए छत्तीसगढ़ की झांकी के चयन को अंतिम चरण से गुजरना पड़ रहा है। झांकी का थीम विकसित भारत और प्रजातंत्र की जननी पर आधारित है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष गृह मंत्रालय के निर्देश पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से कर्तव्यपथ पर 26 जनवरी को 28 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को झांकी निकालने का मौका दिया जाता है। इसके लिए गृह मंत्रालय की एक टीम बनाई गई है। प्रत्येक राज्य अपने अपने मॉडल का प्रदर्शन करते हैं। इस वर्ष भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने विकसित भारत, प्रजातंत्र की जननी थीम पर मॉडल बनाने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की झांकी दो चरणों में टेस्ट में हरी झंडी प्राप्त कर चुकी है अब अंतिम चरण बाकी है। छत्तीसगढ़ सरकार को इसके पहले छत्तीसगढ़ी गहनों तथा बारसूर के मॉडल के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या में बन रहे राम मंदिर तथा दिल्ली सरकार की बागवानी पर आधारित मॉडल काफी नाम कमा चुका है। आतंकवाद के खतरों के इस समय झांकियों के प्रदर्शन में कटौती की जा रही है। गणतंत्र दिवस पर भारत के राष्ट्रपति के अलावा विदेश से आए मेहमान भी उपस्थित रहते हैं। इस वर्ष फ्रांस के राष्ट्रपति मैंक्रो मुख्य अतिथि होंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के जनसंपर्क अधिकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के अधिकारियों के संपर्क में है। चयन हो जाने की अंतिम सूचना मिलने के बाद मॉडल बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर इंडिया गेट से लेकर लाल किले तक भारतीय सेना के तीनों अंगों, सीआरपीएफ के जवानों तथा एनसीसी कैडेट्स एवं बच्चों द्वारा आकर्षक प्रदर्शन किया जाता है।

## 22 जनवरी को राम राज्य दिवस घोषित कर अवकाश देने की मांग

**रायपुर, 1 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज एक ज्ञापन भेज कर आग्रह किया है कि भारतीय इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक, आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में राम मंदिर के अभिषेक और उद्घाटन को सदैव जीवंत रखने के लिए इस दिन को राम राज्य दिवस घोषित किया जाए तथा प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया जाए। प्रधानमंत्री मोदी को भेजे एक ज्ञापन में कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने संयुक्त रूप से कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम राम निःसंदेह भारत के सबसे महान राजा हैं जिनके शासन में भारत के लोग न केवल समृद्ध और स्वस्थ हुए बल्कि धर्म और भाईचारे में गहरी आस्था भी स्थापित हुई। वह काल भारत के स्वर्णिम सनातन इतिहास के महानतम कालों में से एक माना जाता है और चूँकि 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन हो रहा है, इसलिए उस दिन को राम राज्य की स्थापना का दिन मानते हुए इस दिन को राम राज्य दिवस घोषित किया जाना देशवासियों की आकांक्षाओं का सम्मान होगा। पारवानी एवं दोशी ने कहा कि यह बेहद महत्वूर्ण दिन राम के आदर्शों, नीतियों एवं मर्यादाओं को आत्मसात् करने एवं अपनाने के लिए तथा भारत में राम राज्य सरीखे शासन एवं प्रशासन की स्थापना के लिए सदैव देशवासियों को प्रेरित करेगा और इस दृष्टि से इस दिन के महत्व को देखते हुए 22 जनवरी को राम राज्य दिवस घोषित किया जाए।

# पवित्र अक्षत कलश श्री पंचधाम मंदिर पहुंचा

**रायपुर, 1 जनवरी।** 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के बालरूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के भूतल के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी. इसे लेकर सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में अग्रसर समाज सेवी सामाजिक समरसता प्रमुख राकेश अग्रवाल की ओर से अयोध्या से आए हुए अभिमंत्रित पूजित अक्षत कलश को राजधानी रायपुर के श्री पंचधाम मंदिर टाटीबंध कॉलोनी में विराजित किया गया. इसके बाद अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई. यह यात्रा श्री पंचधाम मंदिर से निकलकर 5 किलो मीटर क्षेत्रीय भ्रमण करते हुए राधा कृष्ण मंदिर अर्थात एम्स के सामने तक की गई. शोभायात्रा के बाद भोजन प्रसादी का वितरण किया गया. यह विशाल शोभा यात्रा में श्री राम दरबार के सभी पात्र और भक्तों की ओर से निरंतर पुष्प वर्षा के साथ भव्य आतिशबाजी की गई.



छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक लल्लू महाराज के लाइव कार्यक्रम ने शोभायात्रा को राममय बना दिया. इस विशाल शोभा यात्रा में 3,000 से ज्यादा मातृशक्ति, 2,500 से ज्यादा प्रबुद्धजन और बच्चे शामिल हुए. रामभक्त भगवा ध्वज लहराते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जयघोष के साथ यह यात्रा अपनी पूर्णता को प्राप्त हुई. इस कार्यक्रम की ये विशेषता रही कि इसमें सभी समाज और सभी वर्ग के लोगों ने सहयोग दिया और सम्मिलित हुए. 25 से ज़्यादा स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत और पूजन किया गया.

कार्यक्रम के संरक्षक विभूतिभूषण पांडेय और संयोजक आशुतोष दुबे, सह संयोजक राकेश अग्रवाल, जितेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, मनोज शर्मा, कंमरलाल अग्रवाल, संतोष गुप्ता, दिवाकर शिंदे, अनिल पवार, अभिनव तिवारी, ऋषभदेव, अभिषेक त्रिपाठी, मनोज सिंह, मंदिर के अध्यक्ष से नाथूराम शर्मा और टीम समाज सेवी श्रवण बिश्नोई, पवन अग्रवाल और किन्नर समाज के सभी प्रमुख, विद्या राजपूत समस्त दलबल के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए. कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ प्रबुद्ध जन संघ के प्रमुख महेश बिड़ला, भारत भूषण, गोविंद वसुने, गोपाल टावरी, सदाशिव गोफ़्ने, प्रांत प्रमुख सी लोमेश राम, विश्व हिंदू परिषद प्रमुख घनश्याम चौधरी, जिला प्रमुख ऋषि मिश्रा, रूप नारायण सिंह, विष्णु अग्रवाल, मनमोहन सिंह, दिलीप केसरवानी और पुरंदर मिश्रा (विधायक रायपुर उत्तर), वार्ड 21 के पार्षद सुनील चंद्राकर, वार्ड 70 के पार्षद राजेश ठाकुर, राधा कृष्ण मंदिर के अध्यक्ष दाऊ घासीराम चंद्राकर, पप्पू सिंह (ए माँ जन सेवा समिति) व्यापारी संघ टाटीबंध टीम, प्रभा दुबे, पिंकी मिश्रा, प्रीति शर्मा, सीमा गोयल, चंद्र प्रभा शर्मा, सीमा पंडित, नितिनअग्रवाल, आशीष तोनारे, सुभाष तिवारी, गजानन साहू, होरीलाल साहू, योगेश साहू, सुरेंद्र साहू, युवराज सिंह, मनीष ठाकुर, अभिराम दुबे, राजेश शर्मा, मारुति एनक्लेव परिवार, जैनम बरसाना परिवार और परिक्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए.

## अब जागा परिवहन विभाग, बिना अनुमति वाली 18 एंबुलेंस जब्त

**रायपुर, 1 जनवरी।** सप्ताह पहले आमानाका पुलिस थाना क्षेत्र में एक एंबुलेंस से 364 किलो गांजा पकड़ा गया था। जांच में यह सामने आया कि एंबुलेंस की अनुमति परिवहन विभाग से नहीं ली गई थी। इसके बाद परिवहन विभाग जागा। शहरभर में दौड़ रही एंबुलेंस की जांच शुरू की। परमिट, अनुमति और चालकों के लाइसेंस नहीं होने पर कार्रवाई की जा रही है। बीते दो दिनों में आंबेडकर अस्पताल, एम्स के अलावा निजी अस्पतालों के सामने खड़ी 18 एंबुलेंस जब्त की गई, जिन्हें संबंधित थानों में खड़ा किया गया है। जांच आगे भी जारी रहेगी। राजधानी में सरकारी के साथ हजारों की संख्या में निजी एंबुलेंस बेधड़क दौड़ रही हैं। कोरोना के समय पैसे कमाने के चक्कर में कई लोगों ने सैकड़ों वैन और मिनीडोर को एंबुलेस में तब्दील कर चलाना शुरू कर दिया था।

नियमानुसार एंबुलेंस का संचालन करने के लिए परिवहन विभाग से अनुमति लेनी होती है, लेकिन संचालकों ने ऐसा नहीं किया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम अवैध रूप से संचालित एंबुलेंस पर कार्रवाई कर रही है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर में सबसे अधिक रायपुर जिले में कुल 4,766 एंबुलेंस पंजीकृत हैं, जबकि 10,000 से अधिक निजी एंबुलेंस दौड़ रही हैं। परिवहन विभाग हर वर्ष इनका फिटनेस प्रमाणपत्र जरूर जारी करता है, पर स्थिति यह है कि कई एंबुलेंस से जरूरी उपकरण, आक्सीजन, मास्क, सिलेंडर, बीपी मशीन, अग्निशमन यंत्र तक गायब हैं।

# बघेल को महासचिव, सिंहदेव व तिवारी को उपाध्यक्ष बनाने की मांग

**रायपुर, 1 जनवरी।** पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मांग की है कि जब भाजपा विपक्ष में थी तब पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह व सरोज पांडेय राष्ट्रीय स्तर के उपाध्यक्ष बनाये गये थे। उसी प्रकार अब कांग्रेस सत्ता से बाहर है इसलिए भूपेश बघेल को महासचिव व टी. एस. सिंहदेव व राजेन्द्र तिवारी को उपाध्यक्ष बनाया जाए ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में चरणदास मंहत के साथ मिलकर कांग्रेस को विजयी बनाया जा सके।





भूपेश बघेल व टी.एस. सिहदेव के बारे में सब जानते ही है। सरगुजा में टी.एस. सिंहदेव से बड़ा नेता कोई नहीं है इसलिए उन्हें बड़ा पद देना आवश्यक है। रायपुर राजधानी है इसलिए रायपुर से राजेन्द्र तिवारी को भी बड़ा पद देना जरूरी है।राजेन्द्र तिवारी छ.ग. के सबसे पुराने कांग्रस नेता है। 1972 से राजनीति में है। 1975 में युवक कांग्रेस के गुवाहटी सम्मेलन में स्पेशल ट्रेन भरकर कार्यकर्ताओं को भेजा था तथा 1977 में स्व. संजय गांधी की जगदलपुर सभा में 100 ट्रक व बस से कार्यकर्ता भेजे गए थे। 1993 में म0प्र0 में दिग्गवजय सिंह के कार्यकाल में म.प्र. में म.प्र. उद्योग निगम के अध्यक्ष बने थे। भूपेश बघेल नेउन्हे छग खादी बोर्ड का अध्यक्ष बनाया था। राजेन्द तिवारी प्रखर वक्ता हैं। वे वह हीरा है जिसे भूपेश बघेल ने ठीक से परखा नहीं। उन्हे अन्य दरबारियों के समान रखा। यदि उन्हें वे अपने मुकुट में लगा लेते तो चुनाव की वैतरणी पार कर जाते। मोदी की दक्षिण के राज्यों में नहीं चली। कर्नाटक व तेलंगाना में उनके भाषण का जोर नहीं चला। हिमाचल भी पहाड़ी राज्य होने के कारण वहां भी उनका भाषण नहीं चला।

छत्तीसगढ़, राजस्थान व म.प्र. हिन्दी भाषा होने के कारण मोदी का जादू चल गया। राजेन्द्र तिवारी ऐसे वक्ता है जो लोकसभा चुनाव में अपनी भाषण कला से मोदी को टक्कर दे सकते है। तिवारी कन्हैया कुमार से भी अच्छे वक्ता है। अतः आग्रह है तीनों नेताओं की नियुक्ति शीघ्र करे ताकि इनके नेतृत्व का लाभ कांग्रेस को मिल सके। सभी राज्यो में राष्ट्रीय स्तर के दो या तीन पदाधिकारी नियुक्त करना आवश्यक है।

### तिरंगा यात्रा




**रायपुर, 1 जनवरी। छत्रपति शिवाजी स्कूल के विद्यार्थियों ने नव वर्ष पर अंबा मंदिर से तिरंगा यात्रा निकाली।**

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26